■ श्रावण शुक्ल - 12 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 11 ■ अंक - 8 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- चेन्नई » रविवार » 30-07-2023 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 ग्रामीण चुनाव में हिंसा ममता के निर्देश पर की गई : अनुराग ठाकुर

6 ले. कर्नल विनय राव चौहान: देश की एकता और अखंडता कायम रखने के लिए प्रेरणा देता रहेगा बलिदान

7 करण जौहर को शर्म आनी चाहिए : कंगना रनौत



## फर्स्ट टेक

### टी20 विश्व कप 2024 हो सकता है जून में आयोजित

**लॉडरहिल/वार्ता।** आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 का आयोजन अगले साल चार से 30 जून के बीच हो सकता है। ईएसपीएन क्रिकइन्फो की ओर से प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार वेस्ट इंडीज और अमेरिका में होने वाले इस टूर्नामेंट के लिये अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की एक टीम ने अमेरिका में कुछ आयोजन-स्थलों की सूची तैयार की है। इस सूची में फ्लोरिडा के शहर लॉडरहिल का नाम भी शामिल है जो इससे पहले कई अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेज़बानी कर चुका है। अगले महीने यह शहर भारत और वेस्ट इंडीज के बीच दो टी20 मैचों की मेज़बानी भी करेगा। इसके अलावा आईसीसी की टीम ने बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंट के लिये मॉरिसविल, डैलस और न्यूयॉर्क में भी मैदानों का जायज़ा लिया है। मॉरिसविल और डैलस वर्तमान में मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के पहले सीज़न की मेज़बानी कर रहे हैं।

### रूस ने चावल निर्यात पर 31 दिसंबर तक लगाई रोक

**मॉस्को/वार्ता/स्पूतनिक।** रूस ने घरेलू बाजार में स्थिरता बनाये रखने के लिए चावल और उसकी दलिया के निर्यात पर 31 दिसंबर 2023 तक प्रतिबंध लगा दिया है। रूस की सरकार ने शनिवार को अपने फैसले के बारे में यह जानकारी दी। रूस की सरकार ने टेलीग्राम पर कहा, सरकार ने चावल और चावल के दलिया के निर्यात पर अस्थायी प्रतिबंध लगा दिया है। यह प्रतिबंध इस साल के अंत 31 दिसंबर तक प्रभावी रहेगा। सरकार ने घरेलू बाजार में स्थिरता बनाए रखे में यह फैसला लिया है। सरकार के प्रतिबंध के फैसले से यूरेशियन आर्थिक संघ के सदस्य देशों, दक्षिण ओसेशिया और अब्खाज़िया पर कोई असर नहीं पड़ेगा। सरकार ने यह भी कहा है कि चावल और चावल के दलिया को मानवीय सहायता के लिए और अंतरराष्ट्रीय पारगमन परिवहन के तहत विदेशों में भेज सकता है।

### जेआरडी टाटा के जन्मदिन के मौके पर एक नई पहल

**नई दिल्ली/वार्ता।** हर साल जेआरडी टाटा के जन्मदिन के विशेष अवसर पर टाटा ग्रुप की कंपनियां साझा रूप से महान उद्योगपति और दूरदर्शी लीडर के रूप में अपनी पहचान रखने वाले जेआरडी टाटा की अनूठी विरासत का जश्न मनाती हैं। इस साल टाटा वनएमजी लैब्स अमेनिया (रक्ताल्पता) से जुड़ा एक बेहद अहम अभियान शुरू करने जा रही है जिसके तहत इसके शिकार लोगों को ज़रूरी स्वास्थ्य सेवाएं मदद भी प्रदान की जाएंगी।

| सूर्यास्त 30-07-2023 | सूर्योदय 31-07-2023 |
|---|---|
| 6:36 बजे | 5:54 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 66,160.20 | 19,646.05 |
| (-106.62) | (-13.85) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,195 रु. | 80,400 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

#### ओ नेताओं...

भारत की मणि होवे रक्षित,
सब समाधान के पर खोलो।
हथियारों के बल पर अपनी,
ताकत को हरगिज़ मत तोलो।
रोको-रोको इन दुष्टों को,
दिल में इतना मत विष घोलो।
कुछ शर्म करो ओ नेताओं,
सच को तो तुम सच-सच बोलो।।

## शाह ने रामेश्वरम में पदयात्रा नहीं 'पाप यात्रा' शुरू की है : स्टालिन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई/भाषा।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर रामेश्वरम से पदयात्रा नहीं बल्कि ''पाप यात्रा'' (तमिल में पावा यतिराई) शुरू करने का आरोप लगाया और दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भी परिवारवाद को कायम रख रही है।

स्टालिन ने कहा कि गृह मंत्री ऐसे बात करते हैं जैसे परिवार का शासन केवल तमिलनाडु में ही मौजूद है और वह इस तथ्य को भूल गए कि यह भाजपा में भी मौजूद है। उन्होंने तमिलनाडु के मछुआरों के प्रति भाजपा के अचानक पैदा हुए स्नेह और सहानुभूति पर भी सवाल उठाया।

द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष स्टालिन ने यहां पार्टी सदस्यों की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा, ''क्या गृह मंत्री ने शुक्रवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) परियोजना या केंद्र द्वारा घोषित किसी योजना का उद्घाटन करने के लिए राज्य का दौरा किया? वह 2002 में गुजरात में जो हुआ और मणिपुर में हिंसा के लिए रामेश्वरम से पदयात्रा नहीं, पावा यतिराई (पाप यात्रा) शुरू करने आए।''

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि पिछले दो महीनों से केंद्र हिंसा प्रभावित पूर्वोत्तर राज्य में शांति बहाल करने में असमर्थ है। उन्होंने कहा, ''वह (शाह) यहां व्याप्त शांति को भंग करने के लिए तमिलनाडु आए हैं।'' शाह ने कांग्रेस और द्रमुक सहित उसके सहयोगियों की आलोचना करते हुए शुक्रवार को कहा था कि उनके गठबंधन का नाम बदलकर 'इंडिया' करने से कुछ नहीं होगा। भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के अन्नामलाई की राज्यव्यापी 'एन मन, एन मक्कल (मेरी भूमि, मेरे लोग)' पदयात्रा की शुरुआत से पहले शाह यहां एक रैली को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने हाल में 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले भाजपा से मुकाबला करने के लिए गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) का गठन किया है।

## मणिपुर 'यौन उत्पीड़न' वीडियो : सीबीआई ने जांच अपने हाथ में ली

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मणिपुर में चार मई को भीड़ द्वारा दो महिलाओं का कथित यौन उत्पीड़न किए जाने संबंधी उस मामले की जांच अपने हाथ में ले ली है, जिसका वीडियो इस महीने की शुरुआत में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। राज्य में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाए जाने संबंधी इस घटना का वीडियो 19 जुलाई को वायरल हो गया था। इस घटना की देशभर में कड़ी आलोचना हो रही है। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर यह मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दिया गया है। सरकार ने इस मामले को सीबीआई को सौंपने का फैसला किया था, जो मणिपुर में हिंसा संबंधी छह मामलों की जांच पहले ही कर रही है। राज्य पुलिस ने थौबल जिले के नोंगपोक सेकमाई थाने में 18 मई को अज्ञात हथियारबंद व्यक्तियों के खिलाफ अपहरण, सामूहिक बलात्कार और हत्या का मामला दर्ज किया था। सीबीआई ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मणिपुर पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के संबंध में अपनी प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई शुरू कर दी है। संघीय एजेंसी पूर्वोत्तर राज्य में डीआईजी (उपमहानिरीक्षक) रैंक के एक अधिकारी के तहत अपने विशेष जांच दल (एसआईटी) को पहले ही तैनात कर चुकी है।

## छात्रावासों पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगेगा : एएआर

**नई दिल्ली/भाषा।** छात्रावासों के किराए पर अब 12 प्रतिशत जीएसटी लगेगा, जिसके चलते छात्रों को अब अधिक भुगतान करना होगा। अग्रिम निर्णय प्राधिकरण (एएआर) ने दो अलग-अलग मामलों में यह फैसला दिया। एएआर की बेंगलुरु पीठ ने कहा कि छात्रावास, आवासीय इकाइयों के समान नहीं हैं और इसलिए उन्हें वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से छूट प्राप्त नहीं है। श्रीसाई लक्जरी स्टे एलएलपी के आवेदन पर फैसला देते हुए एएआर ने कहा कि 17 जुलाई 2022 तक होटल, क्लब, कैंपसाइट की प्रतिदिन 1,000 रुपए तक के शुल्क वाली आवास सेवाओं पर जीएसटी छूट लागू थी।

### पूजा-अर्चना



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने शनिवार को तमिलनाडु के रामनाथस्वामी मंदिर (रामेश्वरम) में पूजा-अर्चना की।



### राष्ट्रीय शिक्षा नीति के जरिये

## हर भारतीय भाषा को उचित सम्मान दिया जाएगा : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के जरिये देश की हर भाषा को उचित सम्मान और श्रेय दिया जाएगा और जो लोग अपने स्वार्थ के लिए भाषा का राजनीतिकरण करने की कोशिश करेंगे, उन्हें अपनी दुकानें बंद करनी होंगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने एनईपी के तीन साल पूरे होने के अवसर पर 'अखिल भारतीय शिक्षा समागम' के उद्घाटन कार्यक्रम में कहा कि छात्रों के साथ सबसे बड़ा अन्याय उन्हें उनकी क्षमताओं के बजाय उनकी भाषा के आधार पर आंकना है। मोदी ने कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति देश की हर भाषा को उचित सम्मान और श्रेय देगी... जो लोग अपने स्वार्थ के लिए भाषा का राजनीतिकरण करने की कोशिश करते हैं, उन्हें अब अपनी दुकानें बंद करनी होंगी। उन्होंने कहा, मातृभाषा में शिक्षा भारत में छात्रों के लिए न्याय के एक नए रूप की शुरुआत कर रही है। यह सामाजिक न्याय की दिशा में भी एक बहुत महत्वपूर्ण कदम है। दुनिया में भाषाओं की अधिक संख्या और उनके महत्व को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कई विकसित देशों को उनकी स्थानीय भाषाओं के कारण बढ़त मिली है। उन्होंने यूरोप का उदाहरण देते हुए कहा कि ज्यादातर देश अपनी मूल भाषा का इस्तेमाल करते हैं।

मोदी ने इस बात पर अफसोस जताया कि भले ही भारत में कई स्थापित भाषाएं हैं, लेकिन इन्हें पिछड़ेपन की निशानी के तौर पर पेश किया जाता है और जो लोग अंग्रेजी नहीं बोल सकते, उनकी उपेक्षा की जाती है और उनकी प्रतिभा को मान्यता नहीं दी जाती है।

उन्होंने कहा, इसके परिणामस्वरूप, ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे सबसे अधिक प्रभावित रहते हैं। एनईपी को लाए जाने के साथ देश ने अब इस धारणा को त्यागना शुरू कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र में भी, मैं भारतीय भाषा में बोलता हूं।

### भारत को नई संभावनाओं की 'नर्सरी' के तौर पर देख रही दुनिया

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि दुनिया भारत को नई संभावनाओं की 'नर्सरी' के तौर पर देख रही है और कई देश अपने यहां भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के परिसर खोलने के लिए सरकार से संपर्क कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तीन साल पूरे होने के अवसर पर 'अखिल भारतीय शिक्षा समागम' के उद्घाटन कार्यक्रम में कहा कि दुनिया के विभिन्न विश्वविद्यालय भारत में भी अपने परिसर खोलने में रुचि ले रहे हैं। मोदी ने कहा, दुनिया भारत को नई संभावनाओं की 'नर्सरी' के तौर पर देख रही है। कई देश अपने यहां आईआईटी परिसर खोलने के लिए हमसे संपर्क कर रहे हैं। दो आईआईटी परिसरों-तंजानिया में एक परिसर और अबू धाबी में एक परिसर-का संचालन शुरू होने वाला है... कई वैश्विक विश्वविद्यालय भी हमसे संपर्क कर रहे हैं। वे भारत में अपने परिसर खोलने में रुचि दिखा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं को उनकी प्रतिभा के बजाय उनकी भाषा के आधार पर आंकना सबसे बड़ा अन्याय है। उन्होंने कहा, एनईपी का लक्ष्य भारत को अनुसंधान एवं नवोन्मेष का केंद्र बनाना है। इस नीति में ज्ञान की पारंपरिक प्रणालियों और भविष्योन्मुखी प्रौद्योगिकी को समान महत्व दिया गया है।

## पांच उच्च न्यायालयों में 15 स्थायी न्यायाधीश नियुक्त

**नई दिल्ली/वार्ता।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पांच उच्च न्यायालयों के 15 अतिरिक्त न्यायाधीशों को पदोन्नत कर स्थायी न्यायाधीश नियुक्त किया है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के न्याय विभाग की ओर से शुक्रवार को उनकी नियुक्ति से संबंधित पांच अलग-अलग अधिसूचना जारी की गईं। अधिसूचना के अनुसार, कलकत्ता उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति कृष्णा राव, न्यायमूर्ति बिभास रंजन डे और न्यायमूर्ति अजय कुमार मुखर्जी को पदोन्नत कर स्थाई न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार केरल उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति बसंत बालाजी, न्यायमूर्ति सी के जयचंद्रन, न्यायमूर्ति सोफी थॉमस और न्यायमूर्ति पी. वी. जी. पी. अजित कुमार को स्थाई न्यायाधीश नियुक्त किया गया।

## भाजपा ने प्रदेश इकाइयों के नए संगठन महासचिवों की नियुक्ति की

### रवि, सैकिया, राधामोहन सिंह की नड्डा की टीम से छुट्टी, बंडी संजय और राधामोहन अग्रवाल बने महासचिव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शनिवार को अपनी राष्ट्रीय टीम में फेरबदल करते हुए कर्नाटक के सी टी रवि और असम से लोकसभा सदस्य दिलीप सैकिया की राष्ट्रीय महासचिव पद से और पूर्व केंद्रीय मंत्री राधामोहन सिंह की उपाध्यक्ष पद से छुट्टी कर दी।

वहीं, भाजपा की तेलंगाना इकाई के पूर्व अध्यक्ष बंडी संजय कुमार और उत्तर प्रदेश से पार्टी के सांसद राधामोहन अग्रवाल को रवि और सैकिया की जगह नया महासचिव नियुक्त किया गया है, जबकि उत्तर प्रदेश से ही पसमांदा मुसलमान समाज से ताल्लुक रखने वाले अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के पूर्व कुलपति तारिक मंसूर को सिंह की जगह नया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

बंडी संजय को पिछले दिनों पार्टी की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था और उनकी जगह केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी को यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

मंसूर वर्तमान में उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य (एमएलसी) हैं। उन्हें नई टीम में शामिल करने के फैसले को पसमांदा मुसलमानों के लिए पार्टी की पहल का हिस्सा माना जा रहा है। इसके साथ ही राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर दो मुसलमान हो गए हैं। केरल से ताल्लुक रखने वाले और इसी समुदाय से आने वाले अब्दुल्ला कुट्टी पहले से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं।

नई सूची में ज्यादातर पदाधिकारियों को उपाध्यक्ष, महासचिव और सचिव के पद पर बरकरार रखा गया है। सूची में 13 उपाध्यक्ष, नौ महासचिव, संगठन महामंत्री बी एल संतोष और 13 सचिव शामिल हैं।

पार्टी के नौ महासचिवों में अब कोई महिला नहीं है, हालांकि नए राष्ट्रीय पदाधिकारियों की सूची में पांच महिला उपाध्यक्ष और चार महिला सचिव हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह, वसुंधरा राजे और रघुबर दास उन अनुभवी नेताओं में शामिल हैं, जिन्हें नई सूची में उपाध्यक्ष के रूप में बरकरार रखा गया है। अरुण सिंह, कैलाश विजयवर्गीय, दुष्यंत कुमार गौतम, तरुण चुघ, सुनील बंसल और विनोद तावड़े भी महासचिव बने रहेंगे।

भाजपा अध्यक्ष के रूप में नड्डा का कार्यकाल इस साल जनवरी में बढ़ा दिया गया था ताकि वह अगले लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी की कमान संभाल सकें।

## भारत को 2047 तक विकसित बनाने के लिए बुनियादी ढांचे, निवेश, नवाचार पर देना होगा जोर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/भाषा।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सरकार चार पहलुओं पर ध्यान दे रही है। ये पहलू बुनियादी ढांचा, निवेश, नवाचार और समावेशन हैं। उन्होंने कहा कि भारत के पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तय लक्ष्य को पूरा करने के लिए जरूरी संसाधन हैं। उन्होंने कहा कि निवेशकों के हित में सरकार के कई सुधारों के साथ ही भारत में एक बड़ी युवा आबादी है और अर्थव्यवस्था की जरूरत के अनुसार उन्हें कुशल बनाने का लाभ मिलेगा।

वित्त मंत्री ने कहा कि 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने के लक्ष्य के साथ 'चार अलग-अलग पहलुओं पर जोर दिया गया है। हम बुनियादी ढांचे (पहला) पर बहुत अधिक जोर दे रहे हैं। पिछले तीन से पांच वर्षों में बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए सार्वजनिक खर्च में काफी वृद्धि हुई है और 2023-24 में यह आंकड़ा 10 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे के साथ ही निवेश (दूसरा) पर भी जोर दिया जा रहा है। ऐसे में सार्वजनिक और निजी, दोनों क्षेत्रों की भागीदारी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही डिजिटल बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों को भी महत्व दिया गया है।

सीतारमण ने सीआईआई द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, हम सार्वजनिक निवेश और निजी निवेश दोनों की तलाश कर रहे हैं। इसके लिए अनुकूल माहौल बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तीसरी प्राथमिकता नवाचार की है।

## सालों बाद सड़क किनारे मिला लापता पति

### पत्नी द्वारा पुचकारने और उसके सामने रोने का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर हो रहा वायरल

**बलिया/वार्ता।** उत्तर प्रदेश के बलिया में दस वर्षों से गुमशुदा पति के जिला अस्पताल गेट पर अर्धविक्षिप्त अवस्था में मिलने पर पत्नी द्वारा पुचकारने और उसके सामने रोने के वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है । सुखपुरा थाना क्षेत्र की देवकली गांव निवासनी जानकी देवी शुक्रवार को ज़िला अस्पताल अपने ईलाज के लिए जा रही थीं कि तभी उन्हें अर्धविक्षिप्त अवस्था में सड़क किनारे बैठे उनके पति मोतीचंद मिल गये जो घर से लगभग 10 वर्ष पूर्व लापता हो गए थे। वर्षों से बिछड़े पति को इस साल में देखकर जानकी भावुक हो गईं व उन्हें देखकर रोने व पुचकारने लगीं । नजारा देखकर मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई और लोगों ने पति पत्नी के भावुक मिलन के नजारे को मोबाइल फोन के कैमरे में कैद कर लिया।



संवाददाताओं से बातचीत में जानकी देवी ने बताया कि शुक्रवार को जब वह अपने ईलाज के लिए ई रिक्शा से जिला अस्पताल जा रही थी कि तभी अचानक सड़क किनारे अर्धविक्षिप्त अवस्था में 10 वर्षों से उनसे बिछड़े उनके पति मोतीचंद उन्हें दिख गये । जिसको देखकर वो भावुक हो गईं ।



# तेलंगाना में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 16 लोगों की मौत, राहत और बचाव कार्य में तेजी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** तेलंगाना में बीते सप्ताह से हुई भारी बारिश से जुड़ी घटनाओं में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के कई हिस्सों में बारिश रुकने से शनिवार को राहत कार्य में तेजी आई।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि शनिवार दोपहर तक प्राप्त रिपोर्टों के मुताबिक, बारिश से संबंधित घटनाओं में 16 लोगों की जान चली गई है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार से बारिश कम होने के बावजूद वारंगल के कुछ हिस्सों में जलभराव जारी है। राज्य सरकार ने राहत शिविर स्थापित किए हैं और बारिश प्रभावित क्षेत्रों में बचाव तथा पुनर्वास कार्य तेज कर दिया है। अधिकारी ने बताया कि वारंगल में भद्रकाली टैंक में दरार आ गई और इसे भरने के प्रयास जारी हैं।

मंदिरों के शहर भद्राचलम में गोदावरी नदी का जलस्तर शनिवार शाम चार बजे 55.40 फुट था और यहां तीसरी और अंतिम चेतावनी लागू की गई थी। बाढ़ के मद्देजनर इस जिले के संवेदनशील इलाकों में रहने वाले लोगों को वहां से निकालकर राहत शिविरों में स्थानांतरित कर दिया गया है।

भारी बारिश और बाढ़ के कारण कई जिलों में कृषि क्षेत्रों को नुकसान पहुंचा है।

# लगातार बारिश से शिमला में मकानों के डूबने का खतरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**शिमला/रामपुर/भाषा।** लगातार बारिश के कारण शिमला जिले के ननखरी और कोटगढ़ इलाकों की छह पंचायतों के कई घरों पर डूबने का खतरा मंडराने लगा है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। कुल्लू जिले के अन्नी क्षेत्र के जाबन के ऊपरी इलाकों में शुक्रवार रात को बादल फटने से देवरी खड्ड में अचानक बाढ़ आ गई। इसके चलते अलर्ट जारी करके आधी रात को नदी किनारे रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया।

अचानक आई बाढ़ से बगीचों को भी नुकसान पहुंचा और कई स्थानों पर अन्नी-बरसा सड़क पर आवागमन बाधित हो गया। पानी के बहाव में बढ़ोतरी से कोटू नाले में भी बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई है। शिमला के उपायुक्त आदित्य नेगी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश के कारण कुछ गांवों में जमीन धंस गई है, जिससे कई परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि भूवैज्ञानिकों से जमीन धंसने के कारण का पता लगाने के लिए सर्वेक्षण करने का अनुरोध किया जाएगा। वहीं, कुल्लू के उपायुक्त आशुतोष गर्ग ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि कुछ घरों और अन्य निजी संपत्तियों तथा गौशालाओं को नुकसान पहुंचने की सूचना मिली है, लेकिन अब स्थिति सामान्य है क्योंकि पानी कम हो गया है और कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ है। शिमला जिले के रामपुर क्षेत्र में शुक्रवार की रात भारी बारिश के कारण न केवल भूस्खलन हुआ, बल्कि संपर्क सड़कों के अलावा बोर्नी नाला और जियोरी सहित कई स्थानों पर राष्ट्रीय राजमार्ग-पांच (शिमला-किन्नौर) भी अवरुद्ध हो गया।

# दिल्ली उच्च न्यायालय ने झगड़ा करने वाले दो परिवारों को 400 पौधे रोपने का निर्देश दिया

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मामूली बात पर झगड़ा करने वाले दो परिवारों के सदस्यों को अपने-अपने इलाकों में दो-दो सौ पौधे लगाने का निर्देश दिया है, ताकि वे समाज में योगदान देकर अपनी नकारात्मक उर्जा खत्म कर सकें। अदालत ने कहा कि दोनों पक्षों को पौधे लगाकर पांच साल तक उनकी देखभाल करनी है।

अदालत ने जानबूझकर चोट पहुंचाने, चोट पहुंचाने की तैयारी से घर में घुसने, हमला करने या गलत तरीके से रोकने, आपराधिक धमकी देने और गैर-इरादतन हत्या के प्रयास के आरोप में दर्ज दो आपराधिक मामलों में कार्यवाही रद्द कर दी। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने कहा, हालांकि, मेरा मानना है कि (संबंधित) पक्षों को समाज में योगदान देने का निर्देश देकर उनकी नकारात्मक ऊर्जा को समाप्त किया जाना चाहिए। इसलिए, दोनों मामलों में याचिकाकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्रों में दो-दो सौ पेड़ लगाने का निर्देश दिया जाता है। जांच अधिकारी (आईओ) बागवानी विभाग से परामर्श के बाद जगह की पहचान करके याचिकाकर्ताओं को 15 दिन पहले सूचित करेंगे।

अदालत ने कहा कि जांच अधिकारी पौधों की जियो-टैगिंग की संभावना भी तलाशेंगे। अदालत ने मामले में नवंबर में अनुपालन रिपोर्ट पेश करने का भी निर्देश दिया है।



# बाघों की गिनती में मध्य प्रदेश शीर्ष पर बरकरार

## मुख्यमंत्री चौहान ने दी जनता को बधाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भोपाल/भाषा।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को प्रदेश के लोगों को अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश में बाघों की संख्या 2018 की 526 से बढ़कर 2022 में 785 हो गई है। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने भी मध्य प्रदेश को भारत के अग्रणी बाघ राज्य का दर्जा बरकरार रखने के लिए बधाई दी। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण और भारतीय वन्यजीव संस्थान द्वारा जारी रिपोर्ट 'भारत में बाघों की स्थिति : 2022' के अनुसार, देश में बाघों की सबसे अधिक संख्या मध्य प्रदेश में है, इसके बाद कर्नाटक (563) और उत्तराखंड (560) आते हैं।

सर्वेक्षण के अनुसार, मध्य प्रदेश के जंगलों में चार साल की अवधि में 259 बाघ बढ़े हैं। चौहान ने एक ट्वीट में कहा, यह बेहद खुशी की बात है कि हमारे राज्य के लोगों के सहयोग और वन विभाग के अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप चार वर्षों में हमारे राज्य में बाघों की संख्या 526 से बढ़कर 785 हो गई है। इस सफलता के लिए प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए उन्होंने आगे कहा, आइए हम सब मिलकर अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर भावी पीढ़ियों के लिए प्रकृति के संरक्षण का संकल्प लें।

# मप्र : मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने पुलिसकर्मियों के लिए रियायतों की घोषणा की, भत्ते बढ़ाए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भोपाल/भाषा।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पुलिसकर्मियों के लिए कई भत्तों में बढ़ोतरी की घोषणा की है। राज्य में साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने हैं। शिवराज ने शुक्रवार शाम यहां अपने आवास पर पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों की एक सभा को संबोधित करते हुए ये घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों को अब पौष्टिक भोजन के लिए 650 रुपए की जगह एक हजार रुपए मासिक भत्ता मिलेगा। मध्य प्रदेश में आरक्षक स्तर के लगभग 97 हजार पुलिसकर्मी हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस थानों में तैनात जिन निरीक्षकों और उप-निरीक्षकों के पास सरकारी गाड़ी नहीं है, उन्हें हर महीने 15 लीटर पेट्रोल पर खर्च होने वाली राशि का भुगतान किया जाएगा। शिवराज ने जिन अन्य सुविधाओं की घोषणा की, उनमें आरक्षकों के लिए मासिक वर्दी भत्ता तीन हजार रुपए से बढ़ाकर पांच हजार रुपए करना, राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों के लिए पांचवीं श्रेणी का वेतनमान लागू करना, दैनिक भोजन भत्ता (पौष्टिक भोजन के मासिक भत्ते के अलावा) 70 रुपए से बढ़ाकर 100 रुपए करना और 45 वर्ष से ऊपर के सभी पुलिसकर्मियों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था करना शामिल है। मुख्यमंत्री ने राज्य में पुलिसकर्मियों के लिए 25 हजार नए घरों के निर्माण के अलावा सभी पुलिसकर्मियों के लिए बारी-बारी से एक साप्ताहिक अवकाश की भी घोषणा की।

# कॉफी डे ग्लोबल के दिवालियापन पर फैसला करेगा एनसीएलएटी

**नई दिल्ली/भाषा।** कॉफी डे ग्लोबल लिमिटेड (सीडीजीएल) के खिलाफ दिवालियापन की कार्यवाही शुरू करने के एनसीएलटी के आदेश को चुनौती देते हुए राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) में एक अपील दायर की गई है। सीडीजीएल लोकप्रिय श्रृंखला 'कैफे कॉफी डे' की मालिक है और उसका संचालन करता है।

सीडीजीएल की निलंबित निदेशक मालविका हेगड़े ने कॉफी डे ग्लोबल के खिलाफ कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) शुरू करने के राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के आदेश के खिलाफ एनसीएलएटी की चेन्नई पीठ के समक्ष अपील की है। एनसीएलटी के आदेश पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिका शुक्रवार को न्यायमूर्ति राकेश कुमार जैन और श्रीशा मेरला की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की गई। इससे पहले 20 जुलाई को एनसीएलटी की बेंगलुरु पीठ ने कंपनी के वित्तीय ऋणदाता इंडसइंड बैंक की याचिका पर एक आदेश पारित किया था।

# मणिपुर मुद्दे पर राजनीति कर रहा विपक्ष : मेघवाल



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मोहाली (पंजाब)/भाषा।** केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मणिपुर हिंसा मुद्दे पर राजनीति करने के लिए शनिवार को विपक्षी दलों की आलोचना करते हुए कहा कि ये दल इस मामले पर संसद में बहस नहीं चाहते हैं।

मेघवाल ने यह भी कहा कि मणिपुर मुद्दे पर क्या कार्रवाई की गई है, यह तब पता चलेगा जब विपक्षी दलों द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर संसद में चर्चा होगी। केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री ने कहा कि अगर विपक्ष संसद में चर्चा करने देता तो देश को पता चल जाता कि सरकार ने इस मामले में किस तरह की कार्रवाई की है। उन्होंने यहां 'पर्यावरण कानून और संवैधानिक अधिकार: वैश्विक परिप्रेक्ष्य' विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के मौके पर मीडिया को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी दल संसद में बहस नहीं चाहते हैं।

मेघवाल ने कहा, हमने हर तरह की कार्रवाई की है। केंद्रीय गृह मंत्री वहां तीन दिन तक रहे। ऐसा नहीं है कि मणिपुर में ऐसी घटनाएं पहले नहीं हुई थीं। कांग्रेस सरकार में गृह मंत्री कभी वहां (मणिपुर) नहीं गए। उन्होंने मणिपुर मुद्दे पर गृह मंत्री अमित शाह के संसद में जवाब देने के लिए तैयार होने के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बयान मांगने के लिए विपक्ष पर निशाना साधा। विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के 21 सांसदों की मणिपुर यात्रा के संबंध में एक सवाल पर उन्होंने कहा, वे केवल राजनीति कर रहे हैं। उन्हें इस मामले पर राजनीति नहीं करनी चाहिए।

# जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पास बारूदी सुरंग में विस्फोट

**जम्मू/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास एक बारूदी सुरंग में शनिवार तड़के विस्फोट हो गया। हालांकि, घटना में किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि देगवार इलाके के तरवन गांव में स्थित खोखरी जांच चौकी के पास लगातार बारिश के बीच सुबह करीब चार बजे बारूदी सुरंग में विस्फोट हुआ। उन्होंने कहा कि सेना के जवानों ने विस्फोट के बाद इलाके की तलाशी ली, लेकिन वहां कुछ नहीं मिला।


अधिकारियों के मुताबिक, सीमा पार से आतंकवादियों की घुसपैठ को रोकने के लिए नियंत्रण रेखा के आगे के इलाके में 'घुसपैठ रोधी बाधा प्रणाली' के तहत बारूदी सुरंगें बिछाई जाती हैं। उन्होंने बताया कि कभी-कभी बारिश की वजह से मिट्टी हटने या जंगलों में आग लगने के कारण इन बारूदी सुरंगों में विस्फोट हो जाता है।

# आंध्र प्रदेश में बाघों की आबादी दोगुनी हुई : वन मंत्री

**तिरूपति (आंध्र प्रदेश)/भाषा।** आंध्र प्रदेश के वन मंत्री पी.आर. रेड्डी ने शनिवार को बताया कि राज्य में 2010 के मुकाबले बाघों की संख्या लगभग दोगुनी हो गई है। मंत्री ने बताया कि आंध्र प्रदेश में 2010 में 45 बाघ थे जबकि 2023 में उनकी संख्या बढ़कर 80 हो गई है।

श्री वेंकटेश्वर प्राणी उद्यान में 'वैश्विक बाघ दिवस' के अवसर पर रेड्डी ने कहा कि राज्य बाघों के लिए स्वर्ग साबित हो रहा है। मंत्री ने बताया कि राज्य की वाईएसआरसी नीत सरकार बाघों के लिए गलियारा बनाने के लक्ष्य से शेषाचलम और नल्लामाला जंगलों को जोड़ने की योजना बना रही है। रेड्डी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, बाघ संरक्षण रूस में हुए एक सम्मेलन से शुरू हुआ। उस साल से 29 जुलाई को वैश्विक बाघ दिवस के रूप में मनाया जाता है। मंत्री ने कहा कि बाघों की संख्या में वृद्धि से जंगलों की संपदा लूटने वालों के मन में डर पैदा होगा। उन्होंने कहा कि 12 साल पहले बाघों की गिनती श्रीशैलम में स्थित एक छोटी प्रयोगशाला में हुआ करती थी लेकिन अब उसकी जगह वीडियो, ड्रोन, कैमरों और अन्य वैज्ञानिक प्रक्रिया ने ले ली है। उन्होंने कहा कि शेषाचलम के जंगलों में अभी कोई बाघ नहीं है लेकिन इसके साक्ष्य हैं कि औपनिवेशिक शासनकाल में ब्रिटिश मामादुरु अतिथि गृह में बाघों का शिकार करने आते थे।

रेड्डी ने कहा कि इस विरासत को ध्यान में रखते हुए सरकार नल्लामाला और शेषाचलम को गलियारे की मदद से जोड़ना चाहती है ताकि नल्लामाला के जंगलों से बाघ और तेंदुए शेषाचलम तक जा सकें। मंत्री ने बताया कि श्रीशैलम-नागार्जुन बाघ जोन फिलहाल आठ लाख एकड़ में फैला हुआ है और मुख्यमंत्री की योजना इसमें और पांच लाख एकड़ भूमि मिलाने की है।




# औपनिवेशिक विमर्शों को बदलने की जरूरत : दत्तात्रेय होसबाले

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा है कि भारतीयों ने कभी भी मुगलों को अपने से श्रेष्ठ नहीं माना, लेकिन औपनिवेशिक शासन ने उनमें गुलाम मानसिकता पैदा कर दी, जो आजादी के बाद भी जारी रही। होसबाले ने यहां राज्यसभा के पूर्व सदस्य बलबीर पुंज की किताब 'नैरेटिव का मायाजाल' के शुक्रवार की शाम विमोचन के मौके पर कहा कि ब्रिटिश शासन के दौरान तय विमर्श को उनके 'अभिकर्ताओं (एजेंट)' द्वारा स्वतंत्रता के बाद आगे बढ़ाया गया।

विमोचन कार्यक्रम में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और वकील एवं स्तंभकार जे. साई. दीपक भी मौजूद थे। विमर्शों के बारे में होसबाले ने कहा कि जब मुगलों ने देश पर आक्रमण किया तो लोगों ने उनका डटकर सामना किया।

संघ के सरकार्यवाह ने कहा, मुगलों ने जब देश पर आक्रमण किया था तब देश के लोगों ने जमकर सामना किया था। हमने कभी नहीं सोचा कि मुगल हमसे श्रेष्ठ हैं... इस देश के लोगों ने कभी यह स्वीकार नहीं किया कि जिन बर्बर लोगों ने हम पर हमला किया, वे हमसे श्रेष्ठ थे।

उन्होंने कहा कि औपनिवेशिक शासन के दौरान एक ऐसी कहानी गढ़ी गई जिससे लोगों को यह विश्वास हो गया कि वे गुलाम हैं और गोरे लोगों पर बोझ हैं। उन्होंने कहा, डेढ़ सौ साल के औपनिवेशिक शासन में, जो लोग खुद को शिक्षित कहते थे, उन्होंने यह मानना शुरू कर दिया कि हम अविकसित हैं, हमने दुनिया को कुछ नहीं दिया है। उन्होंने कहा, आजादी के बाद इसे बदलना चाहिए था, लेकिन इसके बजाय उनके 'एजेंट' ने शिक्षा जगत, विश्वविद्यालयों, अंतरराष्ट्रीय मीडिया, थिंक टैंक, न्यायपालिका के माध्यम से एक विमर्श तय किया, वे हर जगह मौजूद थे।

उन्होंने कहा कि हिंदुओं, भारत, इसकी संस्कृति और इससे जुड़ी हर चीज के बारे में घृणा पैदा करने के कई प्रयास किए गए। उन्होंने कहा, इस देश के तथाकथित शिक्षित लोगों और मीडिया ने इस विमर्श को स्वीकार कर लिया है। यूरोप-केंद्रित विचार हमारे जीवन, हमारी शिक्षा प्रणाली और समाज के प्रति हमारे दृष्टिकोण में हैं। जब तक हम औपनिवेशिक मानसिकता को नहीं छोड़ेंगे, यह विमर्श नहीं बदलेगा।

# भारतीय नौसेना ने बंगाल की खाड़ी में फंसे 36 मछुआरों को बचाया

भारतीय नौसेना ने बंगाल की खाड़ी में फंसे 36 मछुआरों को बचाया

नई दिल्ली/भाषा। नौसेना ने शनिवार को कहा कि उसने बंगाल की खाड़ी में फंसे 36 भारतीय मछुआरों को बचा लिया है। इन मछुआरों को भारतीय नौसैनिक पोत (आईएनएस) खंजर के जरिये सुरक्षित निकाला गया है। नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने कहा, बंगाल की खाड़ी में तैनात भारतीय नौसैनिक पोत आईएनएस खंजर ने तमिलनाडु के तट से 130 समुद्री मील दूर फंसे 36 भारतीय मछुआरों को सुरक्षित निकाल लिया है। उन्होंने कहा, ये मछुआरे तीन नौकाओं में सवार थे। आईएनएस खंजर तीनों नौकाओं को समुद्र की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच 30 घंटे से अधिक लंबा अभियान चलाकर तट पर ले आया।

आईएनएस खंजर बंगाल की खाड़ी में अभियान संबंधी तैनाती पर है। उसे तमिलनाडु तट से 130 समुद्री मील दूर तीन नौकाएं- सबरीनाथन, कलाईवानी और वी सामी दिखाई दी थीं।

कमांडर मधवाल ने कहा, नौकओं में सवार 36 मछुआरे तमिलनाडु के नागपट्टिनम से हैं और खराब मौसम के कारण वे दो दिन से समुद्र में फंसे हुए थे। उनके पास ईंधन नहीं था, कोई अन्य सुविधाएं नहीं थीं और नौका के इंजन भी खराब हो गए थे।

नौसेना प्रवक्ता ने बताया कि पोत ने नौकाओं को आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराईं और 30 घंटे से अधिक लंबा अभियान चलाकर शुक्रवार को चेन्नई में उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की।

# बघेल ने 1320 मेगावाट के सुपर क्रिटिकल ताप विद्युत परियोजना का शिलान्यास किया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोरबा (छत्तीसगढ़)/भाषा।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार को राज्य के कोरबा जिले में 1320 मेगावाट के सुपर क्रिटिकल ताप विद्युत परियोजना का शिलान्यास किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बघेल ने संयंत्र का नाम पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत राजीव गांधी के नाम पर रखने की घोषणा की।

कोरबा के घंटाघर मैदान में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 13,356 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। राज्य के जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ 'स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी' कोरबा जिले में 660 मेगावाट की दो नई इकाइयां स्थापित करेगी। यह संयंत्र 12 हजार 915 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से तैयार होगा।

इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री बघेल ने कहा, कोरबा राज्य की ऊर्जा राजधानी है। प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने 1957 में यहां बिजली संयंत्र की शुरुआत की थी। उन्होंने कहा, अब तक के सबसे बड़े 1320 मेगा वाट के पावर प्लांट के लिए आपको बधाई। पर्यावरण और कोयला की अनुमति मिल चुकी है। सारी प्रक्रिया बहुत तेज हुई है, मेरा विश्वास है कि 2028 तक इसे शुरू कर लेंगे।

# लद्दाख में ग्लेशियर पिघलने से बन सकती हैं 3 झील : अध्ययन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

लद्दाख में ग्लेशियर पिघलने से बन सकती हैं तीन झील : अध्ययन

नई दिल्ली/भाषा। लद्दाख स्थित हिमालयी पार्काचिक ग्लेशियर के पिघलने की गति तेज होने से तीन झीलों का निर्माण हो सकता है जिनकी औसत गहराई 34 से 84 मीटर तक हो सकती है। वैज्ञानिकों ने अपने अध्ययन के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला है।

देहरादून स्थित वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थान के वैज्ञानिकों का कहना है कि संभव है कि ये झील हिमालीय क्षेत्र में बाढ़ लाने का कारण बनें।

पार्काचिक ग्लेशियर सुरु नदी घाटी के सबसे बड़े ग्लेशियर में से एक है और यह पश्चिमी हिमालय की दक्षिण जन्स्कार श्रृंखला का हिस्सा है। जन्स्कार श्रृंखला हिमालय में अवस्थित है और केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख में अवस्थित है।



पत्रिका 'एन्नल्स ऑफ ग्लेशियोलॉजी' में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, वैज्ञानिकों ने ग्लेशियर के पिघलने की दर का पता लगाने के लिए 1971 से 2021 के बीच उपग्रह आंकड़ों का विश्लेषण किया जिसके मुताबिक 1971 से 1999 (28 साल) के मुकाबले 1999 से 2021 (22 साल) में छह गुना अधिक गति से ग्लेशियर पिघला। अध्ययन के मुताबिक, हिमनदों के पीछे हटने का कारण जलवायु परिवर्तन है, जो ग्लेशियरों की सतह में बदलाव या भूवैज्ञानिक परिवर्तनों का भी कारण बनता है।

वैज्ञानिकों ने बताया कि तेजी से पीछे हटते हिमनद के साथ भू सतह में बदलाव की वजह से झील बन रही हैं और इनका विस्तार हो रहा है जो हिमालय में बाढ़ का कारण बन सकती हैं।

ग्लेशियर से झील तब बनती है जब घर्षण से सतह गहरी होती है और वह पिघल जाती है।

अध्ययन के मुताबिक, वैज्ञानिकों ने तीन स्थानों की पहचान की है जहां पर ग्लेशियर से झील बन सकती है और इनका आकार 43 से 270 हेक्टेयर हो सकता है।

# पटाखा गोदाम विस्फोट में नौ की मौत, 11 घायल



## मोदी, शाह ने जताया शोक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के कृष्णागिरी जिले के पेरियापेट्टई गांव में शनिवार को एक पटाखा गोदाम में विस्फोट होने से नौ लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए है। पुलिस सूत्रों ने शनिवा को यहां बताया कि विस्फोट उसी इमारत में स्थित एक रेस्तरां में एलपीजी सिलेंडर फटने के बाद हुआ, जहां गोदाम स्थित था। विस्फोट में गोदाम मालिक का पूरा परिवार मारा गया। उन्होंने बताया कि विस्फोट उस समय हुआ जब गोदाम हमेशा की तरह बिक्री के लिए खोला गया। विस्फोट में गोदाम के मालिक रवि (42) पत्नी जयश्री (40), बेटी रितिका (19) और बेटे रुथीश (21) की मौत हो गई।

अन्य मृतकों की पहचान बगल के भोजनालय के मालिक राजेश्वरी और दो अन्य इब्राहिम कैयुल्ला (21) और इमरान (18) के साथ एक पुरुष और एक महिला के रूप में की गई जिनकी अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने कहा कि सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। विस्फोट इतना भीषण था कि पूरी इमारत जिसमें एक बेकरी और एक भोजनालय सहित कुल पांच दुकानें थीं, पूरी तरह से जमींदोज हो गईं।

उन्होंने बताया कि कुछ लोगों को मलबे के नीचे फंसे होने की आशंका है और पुलिस तथा पांच सेवा कर्मी बचाव एवं राहत कार्यों में लगाये हुए है। जिला प्रशासन मलबे को हटाने और घायलों को बचाने के लिए बचाव दल के साथ कार्रवाई में जुट गया। घटनास्थल पर आपदा प्रतिक्रिया की निगरानी करने वाले जिलाधिकारी सरयू ने कहा कि रेस्तरां, एक वेल्डिंग इकाई, एक अन्य दुकान और गोदाम एक ही इमारत में स्थित थे।

उन्होंने कहा कि गोदाम और रेस्तरां के बीच दो दुकानें थीं, रेस्तरां में एलपीजी सिलेंडर फट गया और आग बाद में अन्य दुकानों तथा गोदाम में फैल गई, जो केवल भंडारण स्थान के रूप में कार्य करता था जहां से बिक्री की अनुमति होती है। सुश्री सरयू ने कहा, यह कोई विनिर्माण इकाई नहीं है।

इसबीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि और मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने इस घटना पर गहरा दुख एवं शोक जताया है। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने शनिवार को कृष्णागिरी जिले में पटाखा इकाई विस्फोट में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया कि कृष्णागिरि जिले के बोगनपल्ली में पटाखा गोदाम में हुए हादसे में बहुमूल्य जिंदगियों के नुकसान से बहुत दुखी हूं। मेरी प्रार्थनाएं और संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने त्रासदी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, बोगनपल्ली गांव के पझायापेट्टई में एक निजी पटाखा फैक्टरी में विस्फोट में आठ लोगों की मौत की खबर से मुझे गहरा दुख हुआ है। मैंने बचाव और राहत गतिविधियों की निगरानी में और तेजी लाने के लिए खाद्य मंत्री आर. चक्रपाणि को नियुक्त किया है। मुख्यमंत्री के हवाले से एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि उन्होंने सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के स्वास्थ्य अधिकारियों को घायलों के लिए उचित चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

स्टालिन ने कहा, मृतकों के परिवार और दोस्तों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं और सहानुभूति हैं। मैने अधिकारियों को मृतकों के परिजनों को तीन-तीन लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को एक-एक लाख रुपये और अन्य घायलों को मुख्यमंत्री जन राहत कोष से 50,000 रुपये देने का आदेश दिया है।

पुलिस ने बताया कि जिले के पझायापेट्टई में पटाखा बनाने वाले फैक्टरी में अचानक हुए विस्फोट में कई लोग घायल हो गए।

# मणिपुर हिंसा मामले में न्यायपालिका पर टिप्पणियों के लिए चेन्नई का प्रकाशक गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** चेन्नई के प्रकाशक एवं ब्लॉगर बद्री शेषाद्री को एक यूट्यूब चैनल को दिए साक्षात्कार के दौरान मणिपुर हिंसा को लेकर न्यापालिका के खिलाफ कथित टिप्पणियों के लिए शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया।अधिवक्ता कविअरासू की शिकायत के आधार पर पेरंबलूर जिले की पुलिस ने शनिवार सुबह प्रकाशक को गिरफ्तार किया। वह कुन्नम जिले का रहने वाला है।

अधिवक्ता ने अपनी शिकायत में कहा है कि वह 22 जुलाई को एक यूट्यूब चैनल को दिए साक्षात्कार में न्यायपालिका के खिलाफ शेषाद्री की टिप्पणियों से क्षुब्ध है। पुलिस ने शेषाद्री के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 153 (दंगे भड़काने के इरादे से उकसाना), 153 ए (1) (ए) (समूहों के बीच शब्दों के जरिये शत्रुता को बढ़ावा देना) और 505 (1) (बी) (जनता में भय पैदा करना) के तहत मामला दर्ज किया है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के प्रमुख के अन्नामलाई ने शेषाद्री की गिरफ्तारी की निंदा की। उन्होंने सत्तारूढ़ द्रमुख मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर आम आदमी द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से निपट नहीं पाने पर गिरफ्तारी का हथकंडा अपनाने का आरोप लगाया। अन्नामलाई ने ट्वीट किया, 'क्या सत्तारूढ़ द्रमुक का प्रतिशोधात्मक एजेंडा चलाना पुलिस की जिम्मेदारी है?'



# पीएसएलवी-सी56/डीएस-एसएआर मिशन के लिए उल्टी गिनती शुरू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष स्टेशन से रविवार को पीएसएलवी-सी56 से छह सह-यात्रियों के साथ सिंगापुर के डीएस-एसएआर विशेष वाणिज्यिक उपग्रह को प्रक्षेपित किये जाने की शनिवार से उल्टी गिनती शुरु हुयी।

44.4 मीटर लंबा चार चरण वाला वाहन पीएसएलवी-सी56, 228 टन भार के साथ रविवार सुबह 06.30 बजे शार रेंज से प्रथम लॉन्च पैड से उड़ान भरेगा। इसरो ने कहा कि उल्टी गिनती शनिवार सुबह पांच बजे शुरू हो गई।

इसरो ने ट्वीट किया, 30 जुलाई, 2023 को भारतीय समयानुसार सुबह 6:30 बजे लॉन्च की उलटी गिनती शुरू हो गई है। उलटी गिनती के दौरान, चार चरणों वाले वाहन में प्रणोदक भरने का कार्य किया जाएगा।




# देश अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में ऊंची छलांग रहा, इसका स्वप्न कलाम ने देखा था : अमित शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**रामेश्वरम।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को यहां कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में ऊंची छलांग रहा है जिसका सपना दिवंगत राष्ट्रपति एवं प्रख्यात वैज्ञानिक एपीजे अब्दुल कलाम ने देखा था। शाह ने डॉ एपीजे अब्दुल कलाम, मेरोरीज नेवर डाई' नामक पुस्तक के विमोचन के दौरान यह बात कही और साथ ही उन्होंने भारत की अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में अमूल्य योगदान के लिए कलाम की सराहना भी की।

शाह ने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में छात्रों, युवाओं तथा उनके स्टार्टअप के लिए अंतरिक्ष विज्ञान में अवसर खुले हैं।

अंतरिक्ष विज्ञान में उपब्धियों का स्वप्न प्रधानमंत्री मोदी के नवाचार तथा नयी पहलों से पूरा होगा और मेरा मानना है कि भारत अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में पूरी दुनिया में अग्रणी होगा।'

उन्होंने कहा कि दिवंगत राष्ट्रपति के पदचिह्नों पर चलकर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने 55 अंतरिक्ष यान, 50 प्रक्षेपण यान अभियान शुरु किए तथा 11 छात्र उपग्रह प्रक्षेपित किए।

शाह ने यहां शुक्रवार को एक रैली को भी संबोधित किया और भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष के अन्नामलाई की राज्य भर के लिए पदयात्रा 'मेरी जमीन, मेरे लोग' को रवाना किया। रामेश्वरम दिवंगत राष्ट्रपति कलाम (1931--2015) का गृह स्थान है।

उन्होंने कलाम की जीवन यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने शुरुआत 'समाचार पत्र' बेचने से की थी, लेकिन बाद में अपने कार्यों से उन्होंने प्रसिद्धि प्राप्त की और देश में सर्वोच्च पद भी पहुंचे। कलाम के सिद्धांतों पर चर्चा करते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जब कलाम राष्ट्रपति थे तब एक बार कुछ लोग नौ दिन तक राष्ट्रपति भवन में रुके थे, राष्ट्रपति ने उनके रुकने के खर्च के एवज में सरकार को 9.52 लाख रुपये दिए थे। हालांकि नियम के मुताबिक वे लोग सरकारी अतिथि थे।

## शाह ने कलाम पर लिखी पुस्तक का विमोचन किया




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रामेश्वरम।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को यहां पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ.ए पी जे अब्दुल कलाम के बारे में लिखी गयी पुस्तक, 'डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम : मेमोरिज नेवर डाइज' का विमोचन किया। गृह मंत्री ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम हाउस, मिशन ऑफ लाइफ़ गेलरी म्यूज़ियम और डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम राष्ट्रीय स्मारक का दौरा किया। साथ ही वह विवेकानंद स्मारक भी गए।

उन्होंने विश्व प्रसिद्ध रामेश्वरम मंदिर में पूजा अर्चना भी की। शाह ने बाद में ट्वीट में कहा, रामेश्वरम मंदिर सनातन संस्कृति की प्राचीनता और वैभव का अक्षुण्ण प्रतीक है। बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक श्री रामेश्वरम में प्रभु श्री राम ने भगवान शिव की पूजा की थी।

आज 'आदि थिरुविजहा' के शुभ अवसर पर यहाँ दर्शन कर अत्यंत सुखद एवं परम सौभाग्य की अनुभूति हो रही है। भोलेनाथ से देशवासियों की खुशहाली और राष्ट्र की समृद्धि के लिए प्रार्थना की। पुस्तक के विमोचन के अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

शाह ने कहा कि इस पुस्तक के विमोचन से देशभर के लोगों को निश्चित रूप से डॉ. कलाम को जानने, समझने और उनका अनुसरण करने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक में भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान, नवाचार के इतिहास, भारतीय राजनीति तथा प्रशासनिक प्रणाली का सुंदर निरूपण और डॉ. कलाम की इच्छाओं और उनकी कल्पनाओं से जुड़ी हुए कई घटनाओं का वर्णन समाहित है। शाह ने कहा कि यह पुस्तक रामेश्वरम के गरीब घर में पैदा हुए एक सामान्य बच्चे की भारतीय राजनीति के सर्वोच्च शिखर पर पहुंचने की राह में उनके संघर्ष को समझने में बहुत मददगार साबित होगी।

# नल्लामाला को शेषचला वन क्षेत्र से जोड़ टाइगर कॉरिडोर बनाया जाएगा : रेड्डी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरूपति।** आंध्र प्रदेश के वन मंत्री पी. रामचंद्र रेड्डी ने शनिवार को कहा कि नल्लामाला जंगल को शेषचला वन बेल्ट से जोड़कर जल्द ही एक नया बाघ गलियारा बनाया जाएगा। रेड्डी यहां एसवी चिड़ियाघर पार्क में विश्व बाघ दिवस समारोह' में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मलित हुए। उन्होंने कहा कि 2010 में नल्लामाला जंगल में 45 बाघों की तुलना में अब यह संख्या 80 से अधिक हो गई है और वन शिकारियों के लिए खतरा पैदा हो गया है।

मंत्री ने कहा कि 12 साल पहले श्रीशैलम में सिर्फ एक फिंगरप्रिंट प्रयोगशाला मौजूद थी लेकिन अब फोटो, वीडियो और ड्रोन तकनीक बाघों की गिनती में सुविधा प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि कुल 13 लाख हेक्टेयर (8 नल्लामाला और 5 शेषचला) के साथ नल्लामाला को मामंदुर जंगलों से जोड़ने वाला एक नया बाघ गलियारा बाघों को तेंदुओं और अन्य वन्यजीवों के साथ स्वतंत्र रूप से घूमने की अनुमति देगा।

उन्होंने वन्यजीवों और वन संपदा की रक्षा में भागीदार बनने वाले सभी अधिकारियों और छात्रों को बधाई दी है।

इस अवसर पर रेड्डी ने विश्व बाघ दिवस प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार तथा वन्यजीव संरक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को योग्यता प्रमाण पत्र भी वितरित किए। मंत्री ने पर्यटकों के लिए बैटरी चालित स्कूटर टैक्सी सेवा को भी हरी झंडी दिखाई और वन अधिकारियों के शस्त्रागार का भी दौरा किया।

# एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी के लिये भारत पहुंची मलेशियाई टीम

## टूर्नामेंट का आयोजन तीन से 12 अगस्त के बीच होना है मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** मलेशिया पुरुष हॉकी टीम यहां होने वाली एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी 2023 में हिस्सा लेने के लिये शनिवार को भारत पहुंची। टूर्नामेंट का आयोजन तीन से 12 अगस्त के बीच मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में होना है। मलेशिया इस आयोजन में पांच बार तीसरे स्थान पर रहा है और इस बार सेमीफाइनल की बाधा को पार कर खिताब जीतना चाहेगा। बीते कुछ वर्षों में शानदार प्रदर्शन करती आयी मलेशियाई टीम ने 2018 एशियाई खेलों में रजत जीता था, जबकि पिछले साल के एशिया कप में भी यह टीम दूसरे स्थान पर रही थी।

एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी में मलेशिया का मुकाबला जापान, कोरिया, पाकिस्तान, चीन और मेज़बान भारत से होगा। टूर्नामेंट के प्रारूप के अनुसार, लीग चरण में सभी टीमें एक-दूसरे का सामना करेंगी और शीर्ष चार टीमों को सेमीफाइनल का टिकट मिलेगा।

मलेशियाई पुरुष अपने अभियान की शुरुआत तीन अगस्त को पाकिस्तान के विरुद्ध करेंगे। मलेशिया के कप्तान मरहान जलील ने भारत में आगमन पर कहा, मैं भारत लौटकर बेहद खुश और रोमांचित हूं। एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी के लिये हमारी तैयारियां सही रास्ते पर हैं और हम इस टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने की कोशिश करेंगे। मैं मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम को पूरी तरह भरा हुआ देखने की उम्मीद कर रहा हूं।

मलेशिया के कोच अरुल एंथनी ने कहा, हमने खेल का नया ढांचा तैयार किया और बीते कुछ मैचों में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। मरहान की अगुवाई में खिलाड़ी नयी योजनाओं में अच्छी तरह ढले हैं। मैं उनके प्रदर्शन से बहुत खुश हूं और एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी में भी उसी की उम्मीद कर रहा हूं।

# सीटी रवि को कर्नाटक प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने की प्रबल संभावना



**बेंगलूरू।** आगामी राज्य विधानसभा और 2024 के लोकसभा चुनाव को देखते हुए बीजेपी ने कई पदाधिकारियों में फेरबदल किया है। कर्नाटक से राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किए गए सीटी रवि के इस पद से हटने के बाद उन्हें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनाए जाने की संभावना बढ़ गई है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा और राष्ट्रीय महासचिव बी.एल. संतोष ने शुक्रवार रात नई दिल्ली में कर्नाटक के विकास पर चर्चा की। बताया जा रहा है कि निवर्तमान बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष नलिन कुमार कतील का कार्यकाल खत्म हो गया है और वह जल्द ही इस्तीफा दे देंगे।

विधानमंडल के दोनों सदनों विधानसभा और विधान परिषद के लिए विपक्षी नेता का चुनाव नहीं कर पाने वाली बीजेपी अब पार्टी को मजबूत करने के काम में जुट गई है। भले ही बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पद पर कई लोगों की नजर है, लेकिन इस बार आरएसएस नेताओं ने कहा है कि उन्हें उन लोगों के लिए जगह बनानी चाहिए जो हिंदू धर्म और संघ परिवार के प्रति वफादार हैं। सीटी रवि, चिकमंगलूर विधानसभा क्षेत्र से चार बार जीत चुके थे। पूर्व विधायक सी. टी. रवि ओक्कालिगा वोट बैंक के एक प्रमुख व्यक्ति हैं जो राज्य में एक मजबूत समुदाय बन गया है। ओक्कालिगा वोट बैंक पर नजर रखने के लिए उन्हें अध्यक्ष बनाए जाने की संभावना है और चूंकि डीके शिवकुमार उपमुख्यमंत्री हैं, इसलिए यह तय है कि आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को ओक्कालिगा समुदाय के वोट मिलेंगे, इसलिए सीटी रवि के लिए ओक्कालिगा समुदाय को नेतृत्व देने की काफी संभावना है। बीजेपी आलाकमान का मानना है कि अगर सीटी रवि को जिम्मेदारी दी जाती है, तो पार्टी संगठन आसान हो जाएगा क्योंकि उनके पास अनुभव की पृष्ठभूमि है और वे मूल रूप से कर्नाटक के हैं और यहां की राजनीतिक स्थिति से वाकिफ हैं। विधानसभा के उपनेता के तौर पर पूर्व मंत्री वी.सुनील कुमार, अरागा ज्ञानेंद्र और आर.अशोक का नाम सबसे आगे है।

यदि लिंगायत समुदाय विधान सभा में विपक्ष का नेता बनता है, तो विधान परिषद में हिंदू समुदाय की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। इसके मुताबिक पूर्व मंत्री कोटा श्रीनिवास पुजारी, सदस्य सशिल नमोशी, वाईए नारायण स्वामी, तेजस्वी रमेश गौड़ा और अन्य के नाम सुनने में आ रहे हैं। विधानसभा में हारे पूर्व मंत्री वी सोमन्ना भी प्रदेश अध्यक्ष पद के दावेदार हैं।

# मुख्यमंत्री सिद्दरामैया बेंगलूरु-मैसूरु एक्सप्रेस-वे को लेकर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिलेंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** बेंगलूरु-मैसूरु एक्सप्रेस-वे पर हादसों की बढ़ती संख्या के बीच कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने शनिवार को कहा कि वह केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ मुलाकात करेंगे और एक्सप्रेस वे की खामियों एवं उसमें सुधार की मांग करेंगे। सिद्दरामैया ने मंड्या जिले में एक्सप्रेसवे के दुर्घटनाग्रस्त संभावित हिस्से का निरीक्षण करने के बाद आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने उद्घाटन की जल्दबाजी में खामियों को नजरअंदाज कर दिया जिसकी वजह से हादसे हो रहे हैं।

उन्होंने कहा, मैं दिल्ली जा रहा हूं और मैं गडकरी से मिलकर एक्सप्रेस वे की खामियों को दूर करने की मांग करूंगा। सर्विस रोड में सुधार करने के लिए



150.81 करोड़ रुपये का प्रस्ताव केंद्र को भेजा गया है। सिद्दरामैया ने बताया कि इससे जुड़ा काम इस साल नवंबर में शुरु होगा। अधूरी परियोजनाओं पर भी कथित टोल संग्रह के सवाल पर सिद्दरामैया ने कहा कि राज्य सरकार की इसमें कोई भूमिका नहीं है क्योंकि यह भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है। हादसों के संबंध में उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव वंदिता शर्मा ने एनएचएआई अधिकारियों से मुलाकात की थी।

# चेन्नाई कोर्ट ने चेन्नई स्थित दो कारोबारियों को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया

**चेन्नई।** चेन्नई की एक विशेष प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अदालत ने जाइलॉग सिस्टम्स लिमिटेड के पूर्व प्रमोटर निदेशक सुदर्शन वेंकटरमन और रामानुजम शेषरत्नम को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित कर दिया है। ईडी ने आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत सीबीआई द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत जांच शुरू की।फर्जी कंपनियों का भी किया इस्तेमाल जांच से पता चलता है कि आरोपियों ने अवैध रूप से 186 करोड़ रुपये की राशि अर्जित की थी और इसमें से 58.12 करोड़ रुपये की राशि दोनों ने देश के बाहर ले ली है। दोनों ने कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों की मदद से बैंकों के ऋणों को वैध बनाने के लिए दो प्रमुख कंपनियों और कई अन्य माध्यमों और फर्जी कंपनियों का भी इस्तेमाल किया।

33 करोड़ रुपये के अनंतिम कुर्की आदेश जारी किए गए थे, और बाद में, मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध के लिए वेंकटरमण और शेषरत्नम और अन्य के खिलाफ ईडी द्वारा अदालत के समक्ष अभियोजन शिकायत भी दायर की गई थी। ईडी के एक अधिकारी ने कहा, ळअदालत ने उन्हें भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया है। भगोड़े आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 के तहत चेन्नई कोर्ट द्वारा 33 करोड़ रुपये की कुर्क संपत्तियों को भी जब्त कर लिया गया है।





# लगातार बारिश से जयपुर के अनेक इलाकों में जलभराव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। लगातार बारिश से राजस्थान की राजधानी जयपुर में शनिवार को कई इलाकों में जलभराव होने एवं अन्य कारणों से सामान्य जीवन प्रभावित हुआ। जिले में शुक्रवार रात से ही बारिश हो रही है, जिससे सीकर रोड और जल महल के आसपास के कई इलाके जलमग्न हो गए हैं। कई अन्य निचले इलाकों और सड़कों पर पानी जमा होने से लोगों को परेशानी हो रही है। टोंक रोड, एसएमएस अस्पताल परिसर, बी2 बाइपास, जवाहर नगर, विद्याधर नगर सहित अन्य जगहों पर बारिश का पानी जमा हो गया है।

वहीं गणगौरी बाजार स्थित एक सरकारी अस्पताल के बेसमेंट में बारिश का पानी घुस गया। जलभराव के कारण जयपुर-अजमेर राजमार्ग सहित कई सड़कों पर यातायात जाम हो गया। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने बारिश से प्रभावित शहर के कई इलाकों का दौरा किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा, 'मैंने कई क्षेत्रों का दौरा किया है और लोगों को राहत प्रदान करने के लिए नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। निचले इलाकों से पानी निकालने के लिए मड पंप का इस्तेमाल किया जा रहा है।

राज्य आपदा राहत बल (एसडीआरएफ) के कमांडेंट राजकुमार गुप्ता ने बताया कि एसडीआरएफ की टीमें सतर्क हैं और विभिन्न क्षेत्रों में बचाव और राहत कार्यों में लगी हुई हैं। उन्होंने बताया कि बारिश के कारण कई कारें और अन्य वाहन बीच सड़क पर बंद हो गए जिससे लोगों को भारी परेशानी हुई। निचले इलाकों में बसी कॉलोनियों में जलभराव से परेशानी हो रही है।

मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में जयपुर व दौसा जिलों में कहीं-कहीं अति भारी बारिश दर्ज जबकि राजसमंद, बारां, सीकर, अजमेर सवाई माधोपुर, भरतपुर व बीकानेर जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश दर्ज की गई है। राज्य में इस दौरान सबसे अधिक बारिश जयपुर कलेक्ट्रेट में 158 मिलीमीटर और बीकानेर के नोखा में 84 मिलीमीटर दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार, जयपुर और भरतपुर संभाग के जिलों में शनिवार को भी मानसून सक्रिय रहने व भारी बारिश होने की प्रबल संभावना है। शेष भागों में हल्की मध्यम बारिश होने की सम्भावना है। वहीं 30-31 जुलाई को राज्य में भारी बारिश की गतिविधियों में कमी आने तथा कुछ भागों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, एक अगस्त से पुनः एक नया परिसंचरण तंत्र बनने से उत्तर-पूर्वी राजस्थान के भरतपुर, जयपुर संभाग के जिलों में भारी बारिश होने का अनुमान है। दो अगस्त को भरतपुर, जयपुर संभाग में कहीं-कहीं अति भारी बारिश होने की संभावना है। जयपुर स्टेशन पर यार्ड में भारी बारिश के बाद जलभराव से रेल यातायात भी प्रभावित हुआ। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार इसके चलते इसके कारण तीन ट्रेन रद्द व एक ट्रेन आंशिक रूप से रद्द की गई है।

## रेल यातायात प्रभावित

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर में शनिवार को भारी बारिश के बाद रेल यातायात प्रभावित हुआ। भारी बरसात के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर स्टेशन पर यार्ड में जलभराव हो गया।

इस कारण कुछ रेल सेवाओं को रद्द एवं आंशिक रद्द कर दिया गया। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार इस कारण गाडी संख्या 14825 हिसार-जयपुर रेल सेवा जो शुक्रवार को हिसार से रवाना हुई है, वह गैटोर जगतपुरा तक ही संचालित की गई है। उन्होंने बताया कि इस कारण जिन रेलगाड़ियों को रद्द किया गया है उनमें गाड़ी संख्या 09603 जयपुर बटिंडा रेल सेवा एवं गाड़ी संख्या 09729 जयपुरफुलेरा रेल सेवा शनिवार जबकि गाड़ी संख्या 09604 बटिंडा-जयपुर रेल सेवा 30 जुलाई को रद्द रहेगी।



# नड्डा ने जयपुर में कोर कमेटी की बैठक में लिया भाग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने आज जयपुर में पार्टी की कोर कमेटी की बैठक में भाग लिया।

इस अवसर पर राष्टीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष, प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेश चुनाव प्रभारी एवं केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी, सह प्रभारी विजया राहटकर, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत एवं कैलाश चौधरी, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ आदि पार्टी नेताओं ने बैठक में भाग लिया।

इससे पहले नड्डा ने मोती डूंगरी स्थित गणेश मंदिर में दर्शन किए और प्रदेश में सुख समृद्धि की कामना की। इससे पूर्व नड्डा के जयपुर पहुंचने पर हवाई अड्डे पर श्रीमती राजे, जोशी, शेखावत एवं राठौड़ आदि ने उनका स्वागत किया।

## मीणा ने किसानों को बांटा 'फसल अमृत'

उदयपुर। राजस्थान में जनजाति अंचल के काश्तकारों को सिंचाई की अत्याधुनिक सुविधा मुहैया करवाने की दृष्टि से जनजाति आयुक्त ताराचंद मीणा द्वारा चलाई जा रही मुहिम के तहत एक अनूठी पहल की है। मीणा ने राज्य सरकार के सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग,आईस्टार्ट और ईएफ पॉलीमर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह में झाडोल में 400 किसानों को फसल अमृत के पैकेट बांटे और किसानों को इनका उपयोग पैदावार बढ़ाने के उद्देश्य से करने का आह्वान किया।

किसानों को 'फसल अमृत' के पैकेट वितरित करते हुए जनजाति आयुक्त मीणा ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से भूमि की उर्वरा क्षमता का क्षरण होता है और इससे दिनों-दिन उस खेत की पैदावार क्षमता कम होती जाती है। उन्होंने कहा कि आज हर एक किसान को जैविक खेती को अपनाना होगा क्यांकि यह हमारे परंपरागत खाद से पैदा होती है और कई सारी बीमारियों से मानव जीवन को बचाती है।

उन्होंने बताया कि जनजाति अंचल में पारंपरिक खेती केकारण काश्तकार बहुत सारे रासायनिक उर्वरक और कीटनाशकों का उपयोग करते हैं, जो पर्यावरण और लोगों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाते हैं। इस मुद्दे का समाधान करने के लिए, झाड़ोल बेल्ट में यह मुहिम प्रारंभ की गई है जिसका उद्देश्य किसानों को जैविक खेती के प्रयासों को बढ़ावा देना है।



# भाजपा ने वसुंधरा राजे को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर बरकरार रखा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सहित राजस्थान के तीन दिग्गज भाजपा नेताओं को शनिवार को पार्टी द्वारा घोषित राष्ट्रीय पदाधिकारियों की सूची में उनके पिछले पदों पर बरकरार रखा गया है। वसुंधरा राजे पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनी रहेंगी। सुनील बासल को राष्ट्रीय महासचिव और डॉ. अलका सिंह गुर्जर को राष्ट्रीय सचिव के पद बरकरार रखा गया है। जयपुर में पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा की चुनावी बैठक से ठीक पहले राष्ट्रीय टीम की घोषणा की गई है।

पिछले 15 दिन में दूसरी बार शनिवार को नड्डा राजस्थान के नेताओं की बैठक ले रहे हैं। राज्य में इस साल के अंत में चुनाव होने हैं। भाजपा की रणनीति जनाधार वाले नेताओं को एक राज्य तक सीमित करने की बजाय राष्ट्रीय स्तर पर भी सक्रिय करने की है। पार्टी ने यह भी संकेत देने की कोशिश की है कि राजस्थान में चुनाव सामूहिक नेतृत्व में लड़ा जाएगा। हालांकि सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि राज्य चुनाव अभियान समिति के प्रमुख की जिम्मेदारी किसे दी जाएगी। राजस्थान भाजपा में मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर अभी भी अंदरूनी खींचतान जारी है और इसे दूर करने के लिए सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ने के संकेत दिए गए हैं। राजस्थान में पार्टी ने वरिष्ठ नेताओं को चुनाव से पहले किसी भी तरह के विवाद से बचने की हिदायत दी है।

इसलिए वरिष्ठ नेताओं का लगातार दौरा हो रहा है जो एकजुट होकर चुनाव लड़ने का संदेश दे रहे हैं। भाजपा अब चुनाव समितियों के गठन का इंतजार कर रही है। यह देखना होगा कि वसुंधरा राजे को किसी समिति की जिम्मेदारी सौंपी जाती है। इसी के आधार पर उनकी भूमिका के बारे में स्थिति साफ होगी। उनके समर्थक भी घोषणा का इंतजार कर रहे हैं। उन्हें प्रचार समिति या मुख्य चुनाव समिति का अध्यक्ष बनाये जाने की चर्चा है।

## नाबालिग लड़की पाकिस्तान जाने के लिये जयपुर हवाई अड्डा पहुंची

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। जयपुर हवाई अड्डे पर सुरक्षा कर्मियों ने बिना किसी कागजात के पाकिस्तान जाने के लिये पहुंची नाबालिग लड़की को पुलिस को सौंप दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एयरपोर्ट थाना के प्रभारी दिगपाल सिंह ने बताया कि सीकर के श्रीमाधोपुर निवासी लड़की बिना किसी कागजात के शुक्रवार को पाकिस्तान जाने के लिये जयपुर हवाई अड्डे पहुंची। उन्होंने बताया कि लड़की ने पूछताछ में बताया कि वह इंस्टाग्राम पर दोस्त बने एक युवक से मिलने के लिये पाकिस्तान जाने हवाई अड्डे आई।

सिंह ने बताया कि लड़की के पास कोई कागजात नहीं था। वहीं, जयपुर से पाकिस्तान के लिये कोई उड़ान सेना नहीं है। उन्होंने बताया कि लड़की के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। उनके यहां पहुंचने पर लड़की को उन्हें सौंप दिया जायेगा। हाल में राजस्थान के अलवर की 34 वर्षीय एक विवाहित महिला अंजू अपने मित्र से मिलने पाकिस्तान गई। उसके पास वैध पासपोर्ट था। अंजू पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के अपर दीर जिले में नसरुल्ला से मिलने गई है। दोनों फेसबुक के जरिए दोस्त बने थे।

## पूजा



जयपुर में शनिवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा 'मोती डूंगरी गणेश जी मंदिर' में प्रथम आराध्य भगवान विनायक के दर्शन कर पूजा अर्चना करते हुए।

# जूली ने किया 1 करोड़ 75 लाख रूपये के सड़क निर्माण कार्यों का शिलान्यास

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने शनिवार को अलवर ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम मदनपुरी एवं देसूला में सडक निर्माण, नवीनीकरण एवं सीसी सड़क निर्माण का शिलान्यास किया। जूली ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व कार्य किए हैं, जिससे आमजन लाभांवित हुए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में बड़ी संख्या में सड़क निर्माण के कार्य किए जा रहे है। इन सड़कों के निर्माण से आवागमन के साथ-साथ विकास को बढ़ावा मिलेगा। इन सड़कों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण रूप से कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा 19 नए जिलों की घोषणा से विकास को और गति मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि अलवर ग्रामीण क्षेत्र की लगभग सभी मांगों को सकारात्मक रूप से पूरा किया जा रहा है। जूली ने कहा कि राज्य सरकार विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है जिनका आमजन जागरूक रहकर लाभ उठावें।



जूली ने करीब 1 करोड़ 75 लाख रुपये की लागत राशि से बनने वाली एमआईए रोड से अम्बेडकर कॉलोनी देसूला तक सीसी सड़क निर्माण कार्य, एप्रोच सड़क देसूला के नवीनीकरण कार्य तथा सम्पर्क सडक मदनपुरी, गुजूकी, सालपुरी सडक के नवीनीकरण कार्य का शिलान्यास किया।

# मसालों के उत्पादन में राजस्थान विश्व में अग्रणी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

उदयपुर। राजस्थान में 11 तरह के मसालों का उत्पादन प्रचूर मात्रा में होता है जिनमें मुख्य रूप से जीरा, लहसून, राई, सौंफ, खसखस, ईसबघोल, धनिया, मिर्च जैसे मसाले मुख्य रूप से हैं। भारत सरकार की ओर से उदयपुर में चल रही राजस्थान उज्ञवल प्रदर्शनी-2023 में स्पाईस बोर्ड मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री की ओर से आये सीनियर फील्ड ऑफिसर डॉ. श्रीशैल एवं गौतम सेठिया ने बताया कि स्पाईस यानि मसालों के उत्पाद में राजस्थान देश ही नहीं पूरे विश्व में सबसे आगे हैं।

उन्होंने बताया कि इन मसालों का उत्पादन देश में सबसे ज्यादा राजस्थान में ही होता है। पूरे देश का 60 प्रतिशत राजस्थान में उत्पादित होता है



जो कि अपने आप में एक रिकार्ड है। पूरे भारत की अगर बात करें तो 75 प्रकार के मसाले भारत में होते हैं। मसालों में राजस्थान के मसालों की मांग देश ही विदेशों में भी सबसे ज्यादा होती है।

उन्होंने बताया कि मसाले खाते तो सभी हैं लेकिन कईयों को इनका नाम तक नहीं पता होता है। यह कहां- कहां पैदा होते हैं, कैसे पैदा होते हैं इनसे कौन-कौन से फायदे होत हैं। इसकी जानकारी न बच्चों को होती है और ना ही बड़ों को। यहां तक कि किसानों को भी नहीं पता होता है कि कौनसे मसाले कब और कैसे बोये जाते हैं तथा इनसे उन्हें कैसे फायदा होता है। इन सभी की जानकारी वह अपने स्टॉल्स पर हर आने वालों को प्रदान कर रहे हैं।

# बाघों में वृद्धि इंदिरा के 'प्रोजेक्ट टाईगर' के अनुरुप अपनाई नीति का परिणाम : गहलोत

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि राज्य में तीव्र गति से हो रही बाघों की संख्या में बढ़ोतरी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के 'प्रोजेक्ट टाईगर' के अनुरुप अपनाई गई हमारी वन्य जीव संरक्षण नीति का परिणाम है। गहलोत ने अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर शनिवार को सोशल मीडिया पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि आज इस संकल्प को और मजबूती देने का प्रण लेते है ।

उन्होंने बाघ की तस्वीर के साथ पिछले पांच साल में राजस्थान में बाघों की संख्या में वृद्धि का आंकड़ा शेयर करते हुए कहा कि प्रदेश में बाघों का किया संरक्षण, रोका शिकार , बाघों की संख्या में हुआ प्रसार, वन्य जीव बचाती प्रदेश सरकार।

उधर इस अवसर पर पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण संस्था पीपुल फोर एनीमल्स की राजस्थान इकाई के प्रमुख एवं पर्यावरणविद बाबू लाल जाजू ने प्रदेश में बाघों के संरक्षण को बढ़ावा देने की जरुरत बताते हुए कहा कि बाघों के विकास के लिए राज्य में कुंभलगढ़ वन्यजीव अभयारण्य को शीघ्र ही बाघ अभयारण्य घोषित किया जाना चाहिए ताकि बाघ स्वच्छंद विचरण कर सके। उन्होंने कहा कि रणथंभौर बाघ अभयारणय का क्षेत्र बाघों के लिए छोटा पड़ रहा है और वहां से कोई न कोई बाघ अपने क्षेत्र से बाहर निकल जाता है, ऐसे में राज्य में एक और बाघ अभयारणय बनाने की जरूरत है। जाजू ने कहा कि बाघ अभयारण्य क्षेत्र में बसी आवासीय बस्तियों को उचित एवं पूरे मुआवजे के साथ अभयारण्य के जंगल से बाहर करना चाहिए वहीं पर्याप्त सुधार करते हुए बाघों के शिकार पर अंकुश लगाने के लिए शिकारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

## फिरोजाबाद में कोचिंग संचालक की गोली मारकर हत्या, थार जीप में मिला शव

**फिरोजाबाद (उत्तर प्रदेश)/भाषा।** आगरा में कोचिंग सेंटर चलाने वाले एक युवक का शव शनिवार की सुबह नगला सिंघी थाना क्षेत्र के टूंडला-आगरा मार्ग पर एक गांव के पास से मिली। पुलिस ने बताया कि शव पर गोली लगने के निशान हैं। पुलिस ने बताया कि टूंडला-आगरा मार्ग पर ग्रामीणों ने जंगल में लावारिस खड़ी एक थार जीप के भीतर शव पड़ा हुआ देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिस दल ने बताया कि मृतक की पहचान आगरा निवासी धर्मवीर यादव (18) के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक (नगर) सर्वेश कुमार मिश्रा ने बताया कि युवक के सिर में गोली मारी गई है। उन्होंने बताया कि जांच में कुछ साक्ष्य मिले हैं और जल्दी ही इसका खुलासा किया जाएगा।

## हम पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता से काम करेंगे : भाजपा के नवनियुक्त महासचिव तासा



**गुवाहाटी/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नव नियुक्त राष्ट्रीय महासचिव कामाख्या प्रसाद तासा ने शनिवार को कहा कि वह पार्टी के लिए पूरी जिम्मेदारी, ईमानदारी और प्रतिबद्धता से काम करेंगे। राज्यसभा सदस्य तासा ने कहा कि असम के लोगों और पार्टी के लिए बहुत कुछ करना है। उन्होंने कहा, मैं यह पद मिलने पर खुश हूं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा, मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और राज्य की जनता को धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। तासा ने कहा कि उन्होंने बिना किसी पद की लालसा किए बिना पार्टी के लिए काम किया। शर्मा ने तासा की नियुक्ति पर उन्हें बधाई दी और उम्मीद जताई कि उनके मार्गदर्शन में संगठन और मजबूत होगा।

मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया, असम के सहयोगी कामाख्या तासा जिन्हें पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया सहित भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारियों को हृदय से बधाई। तासा (48) चाय आदिवासी समुदाय के प्रमुख चेहरा है जो पहली बार जोरहाट लोकसभा सीट से 2014 में निर्वाचित हुए थे। वह जून 2019 को मनमोहन सिंह का कार्यकाल खत्म होने के बाद राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए।

## अपराध शाखा का अधिकारी बन दो लोगों को बंधक बनाया, 10 लाख की रंगदारी मांगी

**नोएडा/भाषा।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले के फेस वन थाना क्षेत्र के सेक्टर-6 में तीन बदमाशों ने दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा का अधिकारी बन आईटी कंपनी में काम करने वाले दो लोगों को कथित तौर पर बंधक बनाया और उनसे दस लाख रुपए की रंगदारी मांगी। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। फेस-वन थाने के प्रभारी निरीक्षक ध्रुव भूषण दुबे ने बताया कि जागृत नाम के एक व्यक्ति ने शुक्रवार रात थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह सेक्टर-6 स्थित एक आईटी कंपनी में डेटा एंट्री का काम करता है और 27 जुलाई को एक आदमी उसके दफ्तर में आया और कहा कि तुम्हारे मालिक सागर को कुछ लोग नीचे बुला रहे हैं।

शिकायतकर्ता के अनुसार, वह और सागर नीचे चले गए, जहां खुद को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा का अधिकारी बताकर तीन लोगों ने उन्हें कार में बैठा लिया और वहां से चल दिए। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि बदमाशों ने रास्ते में उसकी और सागर की पिटाई की तथा 10 लाख रुपए की रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी दी।

## बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य अस्पताल में भर्ती



**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य को सांस लेने में तकलीफ की शिकायत पर शनिवार दोपहर को यहां स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इसके बाद आनन-फानन में भट्टाचार्य (79) को उनके पालम एवेन्यू स्थित आवास से हरित गलियारा के माध्यम से अस्पताल ले जाया गया और तुरंत उन्हें गहन चिकित्सा इकाई में मेकैनिकल वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया। वर्ष 2000 से 2011 तक राज्य के मुख्यमंत्री रहे भट्टाचार्य कुछ समय से सीओपीडी (क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी बीमारी) और उम्र संबंधी अन्य बीमारियों से जूझ रहे हैं। अधिकारियों ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, उनकी हालत गंभीर है। हम उनकी जांच कर रहे हैं। उनका ऑक्सीजन स्तर गिरकर 70 फीसदी पर पहुंच गया था और वह अचेत हो गए थे। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके स्वास्थ्य की निगरानी के लिए एक हृदय रोग विशेषज्ञ और एक फुफ्फुसीय रोग विशेषज्ञ (पल्मोनोलॉजिस्ट) सहित वरिष्ठ चिकित्सकों की एक टीम गठित की गई है। उनकी पत्नी मीरा भट्टाचार्य और बेटी सुचेतना भट्टाचार्य, दोनों ही अस्पताल में मौजूद हैं।

# बारिश को लेकर परेशान न हों किसान, सरकार हर कदम पर साथ : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि बारिश कम हो या ज्यादा, किसान चिंतित न हों क्योंकि सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। योगी ने एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों में अल्पवृष्टि के मद्देनजर किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की और अधिकारियों को सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नहरों में हर हाल में टेल तक पानी पहुंचाया जाए। उन्होंने सिंचाई और विद्युत विभाग से हमेशा अलर्ट मोड में रहने को कहा। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों को छोड़कर ज्यादातर जिलों में पिछले वर्ष की तरह इस बार भी बारिश असामान्य है, ऐसे में किसानों की जरूरतों का पूरा ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा, प्रदेश के सभी किसानों के खेत में हर हाल में पानी पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए नदियों के पानी को नहरों की तरफ मोड़ने की व्यवस्था करें। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि पानी हर हाल में नहर की टेल तक पहुंचे। नहरों की सुरक्षा के लिए पुलिस गश्त लगाए और यह सुनिश्चित करे कि बीच में कोई नहरों को काटने न पाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के अन्नदाता किसानों का हित हमारी प्राथमिकता है, ऐसे में अल्पवृष्टि के प्रभावों का सर्वे कराकर सटीक आकलन किया जाए। जलाशयों में जमी गाद की सफाई कराई जाए और अल्पवृष्टि के मद्देनजर किसानों को अन्य वैकल्पिक फसलों की बुवाई के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

### 'अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र के लिए बाघों का होना बेहद जरूरी'

**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रदेश के सभी नागरिकों और प्रकृति प्रेमियों को अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र के लिए बाघों का होना बेहद जरूरी है।

योगी ने ट्वीट किया, सभी प्रदेश वासियों और प्रकृति प्रेमियों को 'अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस' की अशेष शुभकामनाएं! अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र के लिए प्रकृति की अद्वितीय विरासत, बाघों का होना अत्यंत आवश्यक है। सौंदर्य, शक्ति, साहस और सामर्थ्य के अद्वितीय प्रतीक, राष्ट्रीय पशु' बाघ के संरक्षण-संवर्धन में सहयोग करने वाले सभी नागरिकों का हार्दिक अभिनंदन! अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस दुनियाभर में बाघों के संरक्षण की प्रतिबद्धता को बढ़ावा देने के लिए हर साल 29 जुलाई को मनाया जाता है।

## पिछली बार 'अति आत्मविश्वास' से चूक हुई थी, इस बार 160 से ज्यादा सीटें जीतेंगे : विजयवर्गीय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**इंदौर/भाषा।** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि 2018 के विस चुनावों के दौरान पार्टी ''अति आत्मविश्वास के कारण मध्यप्रदेश में सरकार बनाने से चूक गई थी, लेकिन इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर पार्टी में अब यह भाव नहीं है। उन्होंने यह दावा भी किया कि आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा 230 में से 160 से ज्यादा सीटें जीतकर सत्ता में बरकरार रहेगी।

विजयवर्गीय ने अपने गृह नगर इंदौर में संवाददाताओं से कहा, मैंने पहले भी कहा था कि पिछली बार (2018 के विधानसभा चुनावों में) हमसे चूक हुई थी और हम अति आत्मविश्वास में थे। इस बार हममें अति आत्मविश्वास कतई नहीं है। उन्होंने बिजली उत्पादन, बुनियादी ढांचा और अन्य क्षेत्रों में प्रदेश की भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाईं और कहा, मैं गारंटी से बोल रहा हूं कि आगामी विधानसभा चुनावों में हम 160 से ज्यादा सीटें जीतेंगे। भाजपा महासचिव ने प्रदेश में पार्टी नेताओं के बीच आपसी कलह से साफ इनकार करते हुए कहा, क्या आपको यहां बैठे लोगों में कोई कलह नजर आ रहा है? प्रत्यक्ष को प्रमाण की कोई आवश्यकता नहीं होती। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में रविवार को इंदौर में होने वाले विजय संकल्प सम्मेलन में इंदौर संभाग के कम से कम 50,000 भाजपा कार्यकर्ताओं के जुटने की उम्मीद है।

## मेइती और कुकी के बीच नफरत, अविश्वास समाप्त करने के लिए काम कर रहे हैं : उइके



**चुराचांदपुर/भाषा।** मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने शनिवार को कहा कि वह नफरत और अविश्वास खत्म करने के लिए काम कर रही हैं, जिसने मेइती और कुकी समुदायों के संबंधों में तनाव उत्पन्न कर दिया है। उइके ने चुराचांदपुर जिले में एक राहत शिविर का दौरा करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वह दो समुदायों का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठनों से मिल रही हैं और राज्य में शांति एवं सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए उनका सहयोग मांग रही हैं। उन्होंने कहा, मैं अपने भाइयों और बहनों का दुख साझा करने के लिए दूसरी बार यहां आई हूं। ये लोग लगभग तीन महीने से अपने घरों से दूर हैं। बहुत से लोगों ने आगजनी में अपने घर और अपने-अपने (कीमती) सामान खो दिए हैं। उनके पास कुछ भी नहीं बचा है। मैं यहां यह देखने आई हूं कि इन लोगों को शिविर में किसी समस्या का सामना न करना पड़ रहा हो। उन्होंने कहा, मैंने सरकार को बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुझे यह भी पता चला कि यहां दवाओं की भी समस्या है। उन्हें बहुत सी चीजें नहीं मिल रही हैं, क्योंकि ट्रक यहां नहीं पहुंच रहे हैं। फिर भी, आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं और मिजोरम द्वारा भी मदद की जा रही है।



## ग्रामीण चुनाव में हिंसा ममता के निर्देश पर की गई : अनुराग ठाकुर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में हाल में संपन्न पंचायत चुनावों के दौरान हिंसा मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी के निर्देश पर टीएमसी कार्यकर्ताओं द्वारा की गई थी।

ग्रामीण चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विजयी उम्मीदवारों को सम्मानित करने के लिए कोलकाता में मौजूद ठाकुर ने यह भी दावा किया कि पंचायत चुनावों के दौरान झड़पों में 57 से अधिक लोग मारे गए। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने पिछले चुनावों की तुलना में ग्रामीण चुनावों में सीट संख्या दोगुनी कर ली है और परिणाम इस बात का संकेत है कि बनर्जी के ''सत्ता में रहने के दिन अब गिने-चुने रह गए हैं। ठाकुर ने यहां संवाददाताओं से कहा, मैं कहना चाहूंगा कि हाल में संपन्न पंचायत चुनावों में 57 से अधिक लोग मारे गए हैं। ममता बनर्जी की इच्छाओं को पूरा करने के लिए लोगों को मार दिया गया। पश्चिम बंगाल में पूरी कानून व्यवस्था खराब है। ममता दीदी, आपकी पार्टी के नेताओं ने आपके निर्देश पर (इस पंचायत चुनाव के दौरान) गुंडागर्दी की। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि बनर्जी पिछले 8-9 वर्षों से अपने राजनीतिक लाभ के लिए गुंडों और अपराधियों को प्रश्रय दे रही हैं। ठाकुर ने कहा, पिछले (ग्रामीण) चुनावों की तुलना में, इस बार भाजपा ने सीट संख्या दोगुनी कर ली है। इससे पता चलता है कि लोगों ने फिर से लड़ना शुरू कर दिया है। नतीजे बताते हैं कि यहां ममता बनर्जी के (सत्ता में रहने) के दिन गिने-चुने बचे हैं।

राज्य के उद्योग मंत्री एवं टीएमसी की वरिष्ठ नेता शशि पांजा ने ठाकुर के ऐसे समय पश्चिम बंगाल का दौरा करने पर सवाल उठाया जब मणिपुर जल रहा है। पांजा ने कहा, वह (ठाकुर) वही हैं जिन्होंने कहा था- 'गोली मारो देश के गद्दारों को। उन्हें सलाखों के पीछे होना चाहिए, लेकिन चूंकि वह भाजपा के हैं, इसलिए वह बच गए।

## बिहार में अवकाश लेकर गांव पहुंचे पुलिसकर्मी की पीट पीटकर हत्या

**मुजफ्फरपुर (बिहार)/भाषा।** बिहार में अवकाश लेकर मुजफ्फरपुर जिला स्थित अपने गांव पहुंचे एक पुलिसकर्मी की जमीन के एक छोटे से टुकड़े को लेकर हुए विवाद के बाद कथित तौर पर पीट पीटकर शनिवार को हत्या कर दी गई। घटना मुजफ्फरपुर जिले के यदु छपरा गांव की है। पटना में हवलदार के पद पर तैनात 53 साल के दीपेंद्र कुमार सिंह अवकाश लेकर अपने गांव यदु छपरा पहुंचे थे।

मुजफ्फरपुर के उपाधीक्षक (पश्चिम) अभिषेक आनंद के मुताबिक, सुबह सूचना मिली कि सिंह का शव उनके घर के पास पड़ा है।

अधिकारी ने कहा, हम मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हमने शोक संतप्त परिवार के सदस्यों की शिकायतों के आधार पर मामला दर्ज किया है, जिन्होंने कहा है कि परिवार का पड़ोसी परिवार के साथ जमीन के एक टुकड़े को लेकर विवाद चल रहा था, जिसकी माप बमुश्किल कुछ वर्ग इंच थी। उन्होंने कहा, परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया कि हत्या से पहले पुलिसकर्मी कुछ दिनों से टेलीफोन पर स्थानीय पुलिस से मदद मांग रहा था, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। हम आरोप की जांच कर रहे हैं और जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



## 'इंडिया' के सांसद जमीनी हकीकत का आकलन करने मणिपुर पहुंचे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इंफाल/भाषा।** विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के 21 सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल जमीनी हकीकत का आकलन करने के लिए हिंसा प्रभावित मणिपुर के दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को यहां पहुंचा।

विपक्षी दलों के सांसदों का दल तीन मई से पूर्वोत्तर राज्य में भड़की जातीय हिंसा के पीड़ितों से मिलने के लिए कई राहत शिविरों का दौरा करेगा। सांसद दिल्ली से विमान के जरिये मणिपुर पहुंचे। प्रतिनिधिमंडल चुराचांदपुर में राहत शिविरों में रह रहे कुकी समुदाय के पीड़ितों से मिलने जाएगा, जहां हाल में हिंसा की घटनाएं हुई हैं। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने यहां पहुंचने के बाद कहा कि मणिपुर में जातीय हिंसा की घटनाओं ने भारत की छवि को नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने कहा, हम यहां राजनीति करने नहीं आए हैं और हम सभी को मणिपुर में संघर्ष का शांतिपूर्ण समाधान निकालने की कोशिश करनी चाहिए।

प्रतिनिधिमंडल के दौरे के संबंध में एक सुरक्षा अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, वे सुरक्षा कारणों से इंफाल से हेलीकॉप्टर के जरिए चुराचांदपुर जाएंगे। इस समय केवल एक हेलीकॉप्टर उपलब्ध है, इसलिए प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को दो टीम में बांटा जाएगा और हेलीकॉप्टर उन्हें पहुंचाने के लिए दो फेरे लगाएगा। मणिपुर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एमपीसीसी) के एक सूत्र ने बताया कि लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी और अन्य सांसदों की एक टीम पहले चुराचांदपुर पहुंचेगी तथा चुराचांदपुर कॉलेज के लड़कों के छात्रावास में स्थापित एक राहत शिविर का दौरा करेगी।

## न्यायपालिका एनडीपीएस से जुड़े मामलों में जमानत देने में सख्त रुख अपनाए : मणिक साहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**अगरतला/भाषा।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री मणिक साहा ने मादक पदार्थ तस्करी को दुनिया की सबसे बड़ी समस्या करार देते हुए शनिवार को न्यायपालिका से अपील की कि वह एनडीपीएस से जुड़े मामलों के आरोपियों को जमानत देने में सख्त रुख अपनाए।

पश्चिमी त्रिपुरा के नरसिंहगढ़ स्थित त्रिपुरा न्यायिक अकादमी में एनडीपीएस, मानव तस्करी और आतंकवाद के वित्तपोषण से संबंधित सीमा पार संगठित अपराध पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए साहा ने कहा कि सरकार मादक पदार्थ की तस्करी और इससे जुड़े अपराधों को लेकर 'कतई बर्दाश्त नहीं' की नीति के साथ काम कर रही है और पूर्वोत्तर राज्य में मादक पदार्थ नष्ट करने के मामले में शीर्ष पर है। उन्होंने कहा, पिछले तीन साल (जून 2020 से जून 2023) में राज्य में सख्त एनडीपीएस अधिनियम के तहत 1,509 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं और इनमें से 1,143 मामलों में आरोपपत्र दाखिल किए गए व करीब दो हजार लोगों को गिरफ्तार किया गया। साहा ने कहा कि 428 विशेष एनडीपीएस मामलों में से केवल 30 मामलों में सजा दिलाई गई जो संतोषजनक नहीं है। उन्होंने कहा, यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि एनडीपीएस से जुड़े मामलों में दोषी करार देने की दर बढ़ाई जाए। इसमें न्यायपालिका की अहम भूमिका है।

## बलूचिस्तान की निर्वासित प्रधानमंत्री ने आजादी के लिए संरा में भारत का समर्थन मांगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हरिद्वार/भाषा।** बलूचिस्तान की निर्वासित सरकार की प्रधानमंत्री नायला कादरी ने पाकिस्तान के अवैध कब्जे से आजादी के लिए संयुक्त राष्ट्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का समर्थन मांगा है।

हरिद्वार में गंगा के तट पर स्थित वीआईपी घाट पर बलूचिस्तान की आजादी के लिए पूजा करने के बाद कादरी ने संवाददाताओं से कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार के पास आज संयुक्त राष्ट्र में बलूचिस्तान के समर्थन में आवाज उठाने का मौका है, जो कल उनके पास नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा, बलूचिस्तान, जो कभी एक स्वतंत्र देश था, आज पाकिस्तान के अवैध कब्जे में है। पाकिस्तान बलूचिस्तान के खनिज संसाधनों को लूट रहा है और उसके लोगों पर हर तरह के अत्याचार कर रहा है। बलूच लड़कियों के साथ बलात्कार किया जा रहा है, घरों और बगीचों को आग के हवाले किया जा रहा है।

# स्ट्राइकर लालरेमसियामी की हैट्रिक गोल से भारत ने इंग्लैंड को 3-0 से हराया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**बार्सिलोना/भाषा।** स्ट्राइकर लालरेमसियामी की हैट्रिक की मदद से भारतीय महिला टीम ने शनिवार को यहां स्पेनिश हॉकी महासंघ की सौवीं वर्षगांठ पर हो रहे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में इंग्लैंड पर 3-0 की आसान जीत दर्ज की। लालरेम्सियामी ने भारत के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच के 13वें, 17वें और 56वें मिनट में तीन गोल किए।

इंग्लैंड (1-1) और स्पेन (2-2) के खिलाफ अपने पिछले दो मैच को बराबरी पर खत्म करने वाली भारतीय महिला टीम ने इस दौरे पर पहली बार जीत का स्वाद चखा। अब तक अजेय रहने के बाद, सविता की अगुवाई में भारतीय महिलाएं रविवार को टूर्नामेंट के आखिरी मैच में तालिका की शीर्ष टीम के रूप में मैदान पर उतरेंगी। मैच के पहले क्वार्टर में इंग्लैंड ने आक्रामक रवैया अपनाया लेकिन भारतीय टीम ने दबाव में आए बिना प्रभावी संरचना बनाने पर ध्यान दिया। टीम को इसका फायदा भी मिला जब नेहा ने गोल करने का प्रयास किया। उनके इस प्रयास को हालांकि इंग्लैंड की रक्षापंक्ति ने असफल कर दिया। इसके कुछ मिनट के बाद दीप ग्रेस एक्का ने मिडफील्ड में लालरेमसियामी को शानदार पास दिया जिसे इस खिलाड़ी ने तेजी से गोल में बदल दिया। इस शुरुआती गोल ने भारत को दूसरे क्वार्टर में सही गति प्रदान की। टीम ने 17वें मिनट में इस बढ़त को 2-0 कर दी। लालरेमसियामी ने सर्कल से अच्छा मूव बनाकर इंग्लैंड की रक्षापंक्ति और गोलकीपर सबी हीश को छकाते हुए मैच का अपना दूसरा गोल दाग दिया। मध्यांतर से पहले 2-0 की बढ़त ने भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। टीम को इससे अलग-अलग संयोजनों पर काम करने का मौका मिला। इंग्लैंड की टीम ने भी इस क्वार्टर में कुछ मौके बनाए लेकिन भारत की रक्षापंक्ति ने सजगता से अपना काम किया। तीसरा क्वार्टर गोलरहित रहा। मैच पर अब पूरी तरह से भारतीय टीम हावी थी लेकिन इंग्लैंड गोल करने के लिए आतुर था।ऐसे में आखिरी क्वार्टर में जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला। भारतीय टीम रविवार को स्पेन का सामना करेगी।

## चार भारतीय 2023 राष्ट्रमंडल युवा पुरस्कारों के लिए चयनित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

### राष्ट्रमंडल युवा पुरस्कारों के लिए सूची में चार भारतीयों सहित कुल 50 लोगों के हैं नाम

**लंदन/भाषा।** भारत के चार युवाओं के नाम इस वर्ष के राष्ट्रमंडल युवा पुरस्कार के लिए अंतिम सूची में शामिल किए गए हैं। ये पुरस्कार राष्ट्रमंडल देशों में सामाजिक उद्यम, पर्यावरण, नवाचार तथा मानवाधिकार के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम करने वाले युवाओं को दिए जाते हैं। राष्ट्रमंडल युवा पुरस्कारों के लिए सूची में चार भारतीयों सहित कुल 50 लोगों के नाम हैं। 15 से 29 वर्ष के आयु वर्ग वाले ये लोग सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को हासिल करने में योगदान देने संबंधी पहलों में शामिल हैं।

भारत के अक्षय मकर को एसडीजी13 जलवायु परिवर्तन, सौम्या डाबरीवाल एसडीजी 5 लैंगिक समानता, कौशल शेट्टी एसडीजी 11 टिकाऊ शहर तथा समुदाय और श्रुतिका सिलस्वाल एसडीजी 4 गुणवत्तापरक शिक्षा के लिए चयनित किया गया है।

राष्ट्रमंडल महासचिव बैरोनेस पेट्रीसिया स्कॉटलैंड ने कहा, प्रत्येक वर्ष, मैं उन नवोन्मेषों तथा परिवर्तनकारी कार्यों से अभिभूत होती हूं जो ये लोग हमारे लिए एक बेहतर दुनिया बनाने के वास्ते कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं खासतौर पर इस बात पर गर्व महसूस कर रही हूं कि इन 50 युवाओं को सम्मानित किया जा रहा है। मेरा हमेशा से यह मानना रहा है कि युवाओं को विकास के लिए आगे आना चाहिए। जिन लोगों के नाम अंतिम सूची में शामिल किए गए हैं उन्होंने साबित किया है कि युवा केवल तमाशबीन नहीं हैं जो यह सोचते हों कि भविष्य में क्या होगा, बल्कि वे बेहतर भविष्य के लिए काम कर रहे हैं।

## सुविचार

ना जाने कैसे परखता है, मुझे मेरा खुदा,
इम्तिहान भी सख्त लेता है,
और मुझे हारने भी नहीं देता।

## ट्वीट

राहुल गांधी जी ने सोनीपत में धान रोपते समय एक किसान बहन से वादा किया– आंखों का ऑपरेशन कराने का। किसान बहनों से वादा किया– दिल्ली दिखाने का। राहुल ने वादा निभाया– आँख का ऑपरेशन भी कराया, दिल्ली भी दिखाई, फिर साथ बैठकर भोजन भी किया।

-सचिन पायलट

तमिलनाडु के कृष्णागिरि में एक पटाखा फैक्ट्री में हुए हादसे में 3 महिलाओं सहित 8 लोगों की मृत्यु की खबर दु:खद है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करती हूँ।

-दिया कुमारी

## कहानी

# भाग्य

मार्क ट्वेन

अनुवाद – प्रतिभा उपाध्याय

इस पीढ़ी के दो या तीन सुस्पष्ट शानदार अंग्रेजी सैनिकों में से एक के सम्मान में लंदन में रात्रिभोज था। वर्तमान में दिखाई देने वाले कारणों से मैं उसका असली नाम और उपाधि रोके रखूँगा और मैं उसे लेफ्टिनेंट जनरल लॉर्ड आर्थर स्कोर्स्बी, वी सी, के सी बी आदि आदि पुकारूँगा। प्रसिद्ध नाम में कितना आकर्षण होता है! कहते हैं तीस वर्ष पहले उसे हमेशा के लिए अमर कर देने हेतु क्रीमियन युद्ध क्षेत्र से उसका नाम अचानक चरम पर उठा, जिसके बारे में मैंने उस दिन से हजारों बार सुना था। मुझे खाने, पीने का देखना था, अर्द्ध–ईश्वर को देखना था स्कैनिंग, खोज, टिप्पण : वैराग्य, सुरक्षा, उसकी मुखाकृति के महान गुरुत्वाकर्षण; उसकी सरल ईमानदारी, जिससे वह ओतप्रोत था, उसकी महानता की मधुर बेसुधी – उसको निहारने वाली सैकड़ों आँखों की बेसुधी, लोगों की छाती से निकलने वाली और उसकी तरफ प्रवाहित होने वाली गहरी, प्रेमपूर्ण औए ईमानदार पूजा की बेसुधी को देखना था।

मेरी बाईं तरफ वाला पादरी मेरा पुराना परिचित था – लेकिन अब पादरी है, जिसने अपने जीवन का पहला आधा भाग शिविर और खेतों में एवं वूलविच में सैनिक स्कूल में प्रशिक्षक के रूप में बिताया। उसी क्षण जब मैं इस बारे में बात कर रहा था, एक छिपी और विलक्षण रोशनी उसकी आँखों में चमकी और वह नीचे झुका और मुझे धीरे से रहस्य बताया – इशारे से रात्रि भोज के नायक की ओर संकेत करते हुए, – गुप्त रूप से – उसकी महिमा एक संयोग है – मात्र अविश्वसनीय भाग्य का एक फल। यह फैसला मेरे लिए एक महान आश्चर्य था। यदि नेपोलियन, या सुकरात, या सोलोमन इसके विषय होते, तो मुझे अधिक आश्चर्य नहीं होता। कुछ दिन बाद इस अजीब टिप्पणी पर एक स्पष्टीकरण आया और उस सम्मानित सज्जन ने मुझे यह बताया।

चालीस साल पूर्व मैं वूलविच में सैन्य अकादमी में एक प्रशिक्षक था। युवा स्कोर्सबी की प्रारंभिक परीक्षा लिए जाने पर मैं एक वर्ग में मौजूद था। मैं शीघ्र ही दया आ गई, क्योंकि शेष कक्षा ने उल्लसित और सुंदरतापूर्वक उत्तर दिए, जबकि वह कुछ भी नहीं जानता था, जो मुझे पता नहीं क्यों इतना प्यारा था। वह प्रत्यक्षतः अच्छा, मधुर, प्यारा और भोला था, इसलिए उसको वहाँ एक शांत बुत के रूप में खड़े हुए देखना एवं मूर्खता और अज्ञानता के अजीब उत्तर देते हुए देखना बहुत दर्दनाक था। मुझमें उसके लिए दया उमड़ पड़ी। मैंने खुद से कहा, जब वह फिर से परीक्षा के लिए आएगा, उसे निश्चित रूप से, धकेल दिया जाएगा, इसलिए उसके पतन को कम करने के लिए यह परोपकार का एक हानिरहित कार्य होगा।

मैं उसे एक तरफ ले गया और मैंने पाया कि वह सीजर का कुछ इतिहास जानता है और चूँकि वह कुछ और नहीं जानता था, मैं काम पर चला गया और मैंने उसे सीजर के बारे में स्टॉक में सवालों की एक निश्चित लाइन पर एक गैली दास की तरह उसका प्रयोग किया। यदि आप मेरा विश्वास करें, तो परिक्षा के दिन वह रंगीन उड़ान भर रहा था। सतही तौर पर वह पूर्ण रूप से रट रहा था और उसे प्रशंसा भी मिली, जबकि अन्य, जो उससे हजार गुना अधिक जानते थे बच गए। अजीब भाग्यशाली संयोग के कारण – जिसकी एक शती में दुबारा घटने की संभावना नहीं है – अपनी कवायद की संकीर्ण सीमा के बाहर उससे कोई सवाल नहीं पूछा गया था।

यह मादक था। खैर, पाठ्यक्रम के माध्यम से मैं उसके साथ था, जाहिर तौर पर। बस चमत्कार से, उस भावना के साथ जो एक माँ अपने अपंग बच्चे के लिए रखती है और उसने हमेशा खुद को बचाया।

निस्संदेह जो चीज उसे सबसे अधिक बेनकाब करेगी और और अंत में मार डालेगी, वह है – गणित। मैंने उसकी मौत को आसान बनाने का संकल्प लिया, इसलिए मैंने उसे मात्र उन प्रश्नों का प्रशिक्षण दिया और याद कराया, जिसकी परीक्षक द्वारा सर्वाधिक प्रयोग किए जाने की संभावना है और तब मैंने उसे उसके भाग्य पर छोड़ शुभारंभ किया। अच्छा श्रीमन, परिणाम को समझने का प्रयास करें। मेरी आश्चर्यजनक जानकारी के अनुसार उसे प्रथम पुरस्कार मिला। और तारीफ के साथ साथ ही उसकी पूर्ण जय जयकार हुई।

सो जाओ! एक सप्ताह से मुझे अधिक नींद नहीं थी। मेरी अंतरात्मा मुझे दिन रात तड़पा रही थी। मैंने जो भी किया, विशुद्ध परोपकार के नाम पर किया और उस बेचारे युवक के पतन को सहज बनाने के उद्देश्य से किया। मैंने कभी भी ऐसे निरर्थक परिणाम को सपने में भी नहीं सोचा, जैसा कि यह हुआ है। मैंने फ्रेंकस्टीन के निर्माता की तरह ही स्वयं को दोषी और दयनीय महसूस किया। एक काष्ठ का मस्तिष्क था, जिसे मैंने शानदार प्रोन्नति एवं अस्वाभाविक उत्तरदायित्वों के मार्ग में डाल दिया था। लेकिन एक बात यह भी हो सकती थी कि पहले मौके पर ही वह और उसके उत्तरदायित्व सब कुछ एक साथ बर्बाद कर दिए हों।

क्रीमिया युद्ध तभी शुरू हुआ था। बेशक युद्ध होना था। मैंने खुद से कहा : हम शांति कायम नहीं कर सके और पता लगाने से पहले हम इस गधे को मरने का मौका नहीं दे सकते। मैंने भूकंप का इंतजार किया। भूकंप आया। जब यह आया, मुझे चक्कर आया। वह वास्तव में एक मार्चिंग रेजिमेंट में एक राजपत्रित कप्तान था! इस तरह की महानता पर चढने से पहले बेहतर है कि मनुष्य सेवा में बूढ़ा हो जाए। और कौन यह सोच सकता होगा कि वे ऐसे अपरिपक्व अनुभवहीन और अपर्याप्त कंधों पर उत्तरदायित्व का ऐसा बोझ लाद देंगे। मैंने इसे मुश्किल से खड़ा किया होता, यदि उन्होंने उसे एक ध्वजवाहक बनाया होता लेकिन एक कप्तान – इसके बारे में सोचो। मैंने सोचा कि मेरे बाल सफेद हो जाएँगे।

सोचो मैंने क्या किया – मैं जो विश्राम और निष्क्रियता से इतना प्यार करता हूँ। मैंने स्वयं से कहा, इसके लिए मैं देश के प्रति जिम्मेदार हूँ और मुझे उसके साथ जाना चाहिए और जहाँ तक कर सकता हूँ, मुझे देश की रक्षा करनी चाहिए। इसलिए मैंने अपनी थोड़ी सी जमा पूँजी साथ ली, जिसे मैंने कार्य एवं कष्टकर अर्थव्यवस्था के वर्षों में बचाया था और एक साँस के साथ चला गया और उसकी रेजिमेंट में एक तुरही खरीदी और हम दूर खेतों में चले गए।

और वहाँ, ओ प्रिय, भयानक था। गलतियाँ?? उसने गलतियों के अतिरिक्त और कुछ क्यों नहीं किया। लेकिन आप देखें, कोई भी साथी के राज में नहीं था – हर व्यक्ति ने उस पर गलत ध्यान केंद्रित किया और हर बार उसके कार्यनिष्पादन की अनावश्यक रूप से गलत व्याख्या की। परिणामतः उन्होंने उसकी मूर्खतापूर्ण भूलों को प्रतिभा की प्रेरणा के रूप में लिया। उसकी छोटी भूलें भी आदमी को उसके सही मन में रुला देने के लिए पर्याप्त थीं और उन्होंने मुझे भी रुला दिया, निजी तौर पर क्रोध और निंदा भी की। और जिस चीज की आशंका ने मुझे हमेशा परेशान किया, वह यह तथ्य था कि उसके द्वारा की गई हर नई गलती प्रतिष्ठा की चमक को बढ़ा देती थी। मैं स्वयं से कहता रहा वह इतना ऊँचा जाएगा कि जब अंत में वह प्रकट होगा तो यह आकाश से निकल रहे सूर्य की तरह होगा।

वह सीढ़ी दर सीढ़ी सीधा ऊपर गया, अपने वरिष्ठ अधिकारियों के मृत शरीरों पर, जब तक कि अंत में युद्ध के गर्म क्षणों में हमारा कर्नल नीचे चला गया और मेरा हृदय मेरे मुँह को आ गया, क्योंकि स्कोर्सबी रैंक में दूसरा था। मैंने कहा; अब इसके लिए दस मिनट में हम सब लोग अवश्य ही अधोलोक में उतरेंगे।

युद्ध भयानक रूप से उत्तेजक था। सहयोगी दल क्षेत्रों के ऊपर लगातार ढह जा रहे थे। हमारी रेजीमेंट ने एक महत्वपूर्ण स्थान पर कब्जा किया। विनाश अब बड़ी भूल होना चाहिए। इस क्षण में यह अमर मूर्ख रेजीमेंट को अपने स्थान से हटाने के अलावा और क्या करता है और एक पड़ोसी पहाड़ी पर एक प्रभारी को आदेश देता है, जहाँ दुश्मन का एक सुझाव तक नहीं था। मैंने खुद से कहा : तुम वहाँ जाओ, आखिरकार अंत आ ही गया।

और हम दूर चले गए, और उन्मादी आंदोलन की खोज की जाने और इसे रोके जाने से पहले हम पहाड़ी पर थे। और हमें क्या मिला? सुरक्षित स्थान पर एक संपूर्ण और असंदिग्ध रूसी सेना! और क्या हुआ? हमें खत्म कर दिया गया? यही कारण है जो एक सौ में से निन्यानबे मामलों में जरूर हुआ होगा। लेकिन नहीं; उन रूसियों ने बहस की, कि ऐसे समय में वहाँ आसपास कोई भी रेजिमेंट ब्राउजिंग नहीं आएगा। यह संपूर्ण अंग्रेजी सेना होनी चाहिए, और धूर्त रूसी खेल का पता चला और उसे अवरुद्ध किया गया; इसलिए वे दम दबाए रहे और हक्के बक्के से पहाड़ी पर और नीचे खेत में दूर चले गए और हम उनके पीछे, उन्होंने खुद ठोस रूस केंद्र तोड़ दिया, और कुछ ही समय में दुनिया की सबसे जबरदस्त भगदड़ वहाँ थी और सहयोगी दलों की हार एक व्यापक और शानदार जीत में बदल गई थी! मार्शल कानरोबर्ट ने विस्मय, प्रशंसा, और खुशी के साथ देखा; और स्कोर्सबी के लिए तुरंत बाहर आया, उसे गले लगाया, और सभी सेनाओं की मौजूदगी में मैदान पर उसे सजाया!

और उस समय स्कोर्सबी की गलती क्या थी? केवल अपने दाहिने हाथ को बाएँ हाथ के लिए समझना – उसके पास मैदान छोड़ने के लिए और हमारे अधिकार का समर्थन करने के लिए एक आदेश आया; और इसके बजाय वह आगे गिर गया और बाईं ओर पहाड़ी के ऊपर चला गया। लेकिन उस दिन अपनी अद्भुत सैन्य प्रतिभा की महिमा के साथ दुनिया भर में उसने जो नाम कमाया, वह महिमा इतिहास की पुस्तकों के रहते कभी भी क्षीण नहीं होगी। वह इतना अच्छा और मधुर, प्यारा और सच्चा है, जितना कि एक आदमी हो सकता है, लेकिन वह बारिश में अंदर आना नहीं जानता। दिन प्रतिदिन वर्ष प्रति वर्ष वह सबसे अद्भुत और आश्चर्यजनक नियति से लगा हुआ है। आधी पीढ़ी के लिए हमारे सभी युद्धों में वह एक चमकता हुआ सैनिक रहा है; उसने भूलों के साथ अपने सैन्य जीवन का कबाड़ा किया है, और अभी तक कुछ भी ऐसा नहीं किया जिसने उसे एक नाइट या एक बरानेत या एक भगवान या कुछ और नहीं बना दिया। उसकी छाती को देखो; यही कारण है कि वह सिर्फ घरेलू और विदेशी सजावट में कपड़े पहने है। खैर, श्रीमान, उनमें से हर एक में शोर करती मूर्खता या इसी तरह की बातों का एक रिकार्ड है; और एक साथ मिलाकर वे इस बात का प्रमाण हैं, कि इस दुनिया में सबसे बेहतरीन चीज है भाग्यशाली मनुष्य के रूप में जन्म लेना।

–हिन्दीसमय से साभार

## संजय उवाच

संजय भारद्वाज
9890122603
writersanjay@gmail.com



# ऋणानुबंध

मैं तः भ्रमण से लौट रहा हूँ। देखता हूँ कि एक दुकानदार अपनी दुकान के सामने कौओं को चुग्गा दे रहा है। चुग्गे के लिए कौओं की भीड़ लगी हुई है। कौए निरंतर काँव–काँव कर रहे हैं। सड़क पर एकत्रित कौओं की तरफ कुछ चुग्गा उसने फेंक दिया है। वे एक दाना उठाते हैं, फिर अपनी बड़ी–सी चोंच खोलकर काँव–काँव करने लगते हैं।

दुकानदार का मुँहलगा एक कौआ दुकान के बाहर लगे खंभे पर लटका हुआ है। उसकी और दुकानदार की केमिस्ट्री भी खूब है। खंभे पर लटककर वह नीचे की ओर मुँह कर दुकानदार को देखता है और कहता है, 'काँव।' दुकानदार निशाना साधकर चुग्गा उसकी और उछालता है, कौवा हवा में ही उसे मुँह में लपक लेता है। वर्तमान में जब मनुष्य का प्रकृति के अधिकांश जीवों के साथ संघर्ष का नाता है, ऐसा कोई दृश्य अनन्य ही कहलाएगा।

सत्य तो यह है कि मनुष्य और प्रकृति के अन्य सभी घटक सहजीवी हैं। हमारी कठिनाई यह है कि हमने सहजीवी होने का भाव छोड़ दिया है। ईश्वर ने मनुष्य को बुद्धि का मुकुट दिया है। बुद्धि का मुकुट देने का अर्थ है कि उसे प्रकृति का साम्राज्य दिया है। सम्राट बुद्धिमान हो, शौर्यवान हो, यह तो अपेक्षित है लेकिन साथ ही सम्राट के मन में अपनी प्रजा के लिए करुणा का सागर भी होना चाहिए।

हमारा मत है कि यदि केवल भारत का हर एक नागरिक किसी एक पक्षी या प्राणी का पेट पालने की ज़िम्मेदारी ले ले तो कम से कम डेढ़ सौ करोड़ प्राणियों को तो जीवनदान मिल ही सकेगा। हर कोई यह कर सकता है क्योंकि ग़रीब से ग़रीब को भी एक चिड़िया का पेट भरने जितनी अमीरी तो ईश्वर ने दी ही है।

पक्षियों–प्राणियों को भोजन उपलब्ध कराने की भावना पर अनेक बार प्रश्न उठाया जाता है कि ऐसा करके उनकी भोजन जुटाने की प्राकृतिक क्षमता को नष्ट नहीं करना चाहिए। मनुष्य भी एक समय पैदल ही चला करता था। फिर पशुओं पर सवारी करते हुए हवाई जहाज़ और अंतरिक्ष यान तक आ पहुँचा। आदिमानव संभवत: भोजन संग्रह करना भी न जानता हो। आज के मनुष्य के पास कई सालों के लिए अनाज संग्रहित है। कहने का तात्पर्य है कि परिवर्तन संसार का एकमात्र नियम है जो कभी परिवर्तित नहीं होता। मनुष्य द्वारा प्रकृति के निरंतर दोहन के चलते सहज जीवन से विस्थापित होते सभी घटकों के प्रति मनुष्य का ऋणानुबंध है। मनुष्य का कर्तव्य है कि वह इन घटकों का पोषण करे।

श्रीमद्भागवत कहता है,

खं वायुमग्निं सलिलं महीं च ज्योतींषि सत्त्वानि दिशो द्रुमादीन।
सरित्समुद्रांश्च हरेः शरीरं यत्किंच भूतं प्रणमेदनन्यः।। ( 11/2/41)

अर्थात आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी, नक्षत्र, प्राणी, दिशाएँ, वृक्ष–वनस्पति, नदियाँ, समुद्र आदि जो कुछ भूत सृष्टि है, वह सब हरिरूप है, ईश्वर का विराट स्वरूप है। यह समझकर (भक्त) प्रेमभाव से इन्हें प्रणाम करते हैं। श्रावण चल रहा है। एक पौधा लगाएँ, एक प्राणी का पेट भरने का ज़िम्मा उठाएँ। एक समय था, जब हमारे घरों में पहली रोटी गाय के लिए और अंतिम श्वान के लिए बनती थी। हमारे पूर्वजों ने अपने दायित्व का निर्वहन प्रामाणिकता से किया था। उनके कारण हमें हरी–भरी और भरी–पूरी प्रकृति मिली थी। अब हमारी बारी है कि हम आनेवाली पीढ़ी को हरा संसार दें।

## विविध

# हानिकारक है स्कूलों में स्मार्ट फोन का अत्यधिक उपयोग

बाल मुकुन्द ओझा
मोबाइल : 8949519406

संयुक्त राष्ट्र की एक नई रिपोर्ट में स्कूलों में स्मार्ट फ़ोन उपकरणों के अत्यधिक प्रयोग पर चिन्ता व्यक्त की गई है और इन उपकरणों पर दुनिया भर के स्कूलों में प्रतिबन्ध लगाए जाने की पुकार लगाई गई है। यूनेस्को के अनुसार, मोबाइल फ़ोन के अत्यधिक प्रयोग से शिक्षा ग्रहण प्रभावित हो रहा है। इस शताब्दी का सबसे उन्नत और प्रभावी संचार उपकरण मोबाइल फोन है। मोबाइल फोन हम सभी की जिंदगी का एक अभिन्न अंग बन चुके हैं। टेक्नोलॉजी के इस दौर में बच्चों का मोबाइल से खास लगाव हो चला है। आजकल ज्यादातर बच्चे मोबाइल फोन की बुरी आदत का शिकार हो गए हैं। बच्चों को मोबाइल फोन की ऐसी लत लगी है कि वो सोते–जागते, खाते–पीते, सिर्फ फोन में लगे रहते हैं। मोबाइल के बेहताशा उपयोग का बच्चों पर दुष्प्रभाव की जानकारी हर किसी को होनी जरुरी है ताकि यह पत्ता चल सके की यह बच्चों के लिए लाभकारी है या हानिकारक।

मोबाइल आपका दोस्त है या दुश्मन। बिना विलंब किए इस पर गहनता से मंथन की जरुरत है। आजकल मोबाइल का ज्यादा इस्तेमाल बच्चों को इंटरनेट एडिक्शन की तरफ ले जा रहा है। इस तरह के एडिक्शन से मानसिक बीमारियां पैदा होती हैं और ऐसे में बच्चे कोई न कोई गलत कदम उठा लेते हैं। आजकल के बच्चे इंटरनेट लवर हो गए हैं। इनका बचपन रचनात्मक कार्यों की जगह डेटा के जंगल में गुम हो रहा है। पिछले कई सालों में सूचना तकनीक ने जिस तरह से तरक्की की है, इसने मानव जीवन पर गहरा प्रभाव डाला है बल्कि एक तरह से इसने जीवनशैली को ही बदल डाला है। बच्चे और युवा एक पल भी स्मार्टफोन से खुद को अलग रखना गंवारा नहीं समझते। इनमें हर समय एक तरह का नशा सा सवार रहता है। वैज्ञानिक भाषा में इसे इंटरनेट एडिक्शन डिस्ऑर्डर कहा गया है। अपने बच्चों को मोबाइल और कंप्यूटर पर गेम खेलते अनेक माता–पिता बहुत खुश होते हैं। वे दूसरों को बड़े गर्व के साथ यह बताते तनिक भी नहीं हिचकते की उनका बेटा डिजिटल दुनियां के नए जमाने के साथ दौड़ रहा है। वे बड़े खुशी से बताते हैं कि वह मोबाइल पर फोटो निकाल लेता है। मैसेज भेज देता है। व्हाटसप पर बात कर लेता है और फोटो, वीडियो शेयर कर लेता है। यहाँ तक की गूगल पर कुछ भी खोज लेता है। लेकिन शायद वह इस बात से अनजान है कि जिसे वह बच्चे की स्मार्टनेस समझ रहे हैं वह उसके विकास में बाधा भी बन सकता है। विशेषज्ञ मानते है कि इलेक्ट्रॉनिक गजेट और कंप्यूटर का अत्यधिक प्रयोग बच्चों के लिए अच्छा नहीं है। इससे उनमें संवादहीनता और चिड़चिड़ेपन की प्रवृत्ति बढ़ती है। मौजूदा दौर में बच्चों में खेलकूद का स्थान इंटरनेट ने ले लिया है। इसका सीधा प्रभाव बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर पड़ा है। शहरों के साथ अब गांवों में भी मोबाइल की पहुँच होने से बच्चों में इंटरनेट की लत बढ़ गई है। देश में इंटरनेट के तेजी से बढ़ते इस्तेमाल में बचपन खोता जा रहा है जिसकी परवाह न सरकार को है और न ही समाज इससे चिंतित है। ऐसा लगता है जैसे गैर जरुरी मुद्दे हम पर हावी होते जारहे है और वास्तविक समस्याओं से हम अपना मुंह मोड़ रहे है। यदि यह यूँ ही चलता रहा तो हम बचपन को बर्बादी की कगार पर पहुंचा देंगे। देश के साथ यह एक बड़ी नाइंसाफी होगी जिसकी कल्पना भी हमें नहीं है। जब से इंटरनेट हमारे जीवन में आया है तबसे बच्चे से बुजुर्ग तक आभासी दुनियां में खो गए है। हम यहाँ बचपन की बात करना चाहते है।

## बोध कथा

# खुशबू की कीमत

सालों पहले एक भिखारी नंदा नगरी में भूख से तड़पने के कारण खाने के लिए कुछ मांग रहा था। तभी उसे एक व्यक्ति कुछ रोटियां दे देता है। अब भिखारी रोटी के लिए सब्जी की तलाश में पास के ही एक पंडाल में पहुंचता है। वहां भिखारी रोटी के लिए पंडाल के मालिक से थोड़ी–सी सब्जी मांगता है। भिखारी को देखते ही गुस्से में पंडाल का मालिक उसे भगा देता है। दुखी भिखारी किसी तरह मालिक की नजरों से बचते हुए पंडाल की रसोई में पहुंच जाता है। वहां उसे कई तरह की लजीज सब्जियां दिखती हैं। गर्म–गर्म सब्जियों से भाप निकल रही थी।

भाप को देखकर भिखारी के मन में हुआ कि अगर रोटियों को इस भाप के ऊपर रख दिया जाए, तो सब्जी की खुशबू उनमें मिल जाएगी। फिर रोटी में भी सब्जी का स्वाद आने लगेगा और सब्जी की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। यह सब सोचते हुए भिखारी रोटी पर सब्जी डालने की जगह, उन्हें सब्जी से निकलने वाले भाप के ऊपर रख देता है। तभी अचानक वहां पंडाल का मालिक आ जाता है और भिखारी को सब्जी चोरी करने के लिए पकड़ लेता है। भिखारी उससे कहता है कि मैंने सब्जी नहीं चुराई है। मैं सिर्फ सब्जी की खुशबू ले रहा था। मालिक भिखारी को धमकाते हुए कहता है कि अगर तुमने सिर्फ खुशबू ली है, तो तुम्हें उस खुशबू की भी कीमत चुकानी होगी।

डरी हुई आवाज में भिखारी उससे कहता है, मालिक मेरे पास कुछ भी नहीं है, जिससे कि मैं खुशबू की कीमत चूका सकूं। तब पंडाल मालिक उसे पकड़कर मुल्ला नसरुद्दीन के दरबार ले जाता है। मुल्ला नसरुद्दीन पंडाल मालिक और भिखारी की बातों को गौर से सुनते हैं। दोनों की बातें सुनने के बाद मुल्ला कुछ देर सोचकर पंडाल मालिक से कहते हैं कि तुम्हें अपनी सब्जी की खुशबू के बदले पैसे चाहिए। पंडाल मलिका कहता है, जी हां। फिर मुल्ला पंडाल मालिक से कहते हैं, ठीक है, तुम्हारी सब्जी की खुशबू की कीमत मैं स्वयं दूंगा। यह सुनते ही पंडाल मालिक खुश हो जाता है। फिर मुल्ला नसरुद्दीन उसे बताते हैं, देखो, मैं तुम्हारी सब्जी की खुशबू की कीमत सिक्कों की खनक से अदा करूंगा। इतना कहते ही, मुल्ला अपनी जेब से कुछ सिक्के निकालते हैं और दोनों हाथों में लेकर उन्हें खनखनाने लगते हैं। फिर उन सिक्कों को दोबारा जेब में डाल लेते हैं।

यह सब देखकर पंडाल मालिक हैरान हो जाता है। वह मुल्ला नसरुद्दीन से कहता है कि यह उन्होंने कैसी कीमत अदा की है। जवाब में मुल्ला कहते हैं, तुम्हारी सब्जी की खुशबू इस भिखारी ने ली थी। इसी वजह से मैंने तुम्हें सिक्कों की खनक सुनाई है। अगर इस भिखारी ने सब्जी ली होती, तो तुम्हें कुछ सिक्के जरूर मिलते। मुल्ला का जवाब सुनकर पंडाल मालिक आंखें चुराते हुए वहां से चला जाता है। भिखारी भी खुशी–खुशी अपने रास्ते निकल जाता है।

**कहानी से सीख:**

बुद्धि और चतुराई से हर समस्या का हल निकाला जा सकता है, जैसा इस कहानी में मुल्ला नसरुद्दीन ने पंडाल मालिक के साथ किया।



## वीर गाथा

# ले. कर्नल विनय राव चौहान: देश की एकता और अखंडता कायम रखने के लिए प्रेरणा देता रहेगा बलिदान

लेफ्टिनेंट कर्नल विनय राव चौहान का जन्म मध्य प्रदेश के जबलपुर में हुआ था। वे बचपन से ही सैनिक बनने का सपना देखने लगे थे। उनकी यह रुचि उन्हें भारतीय सेना में ले आई। यहां उन्हें गोरखा राइफल्स में शामिल किया गया था। कुछ साल इसमें सेवा देने के बाद उन्हें राष्ट्रीय राइफल्स की 15वीं बटालियन में भेज दिया गया।

ले. कर्नल विनय जून 2006 में अपनी यूनिट 15 आरआर के साथ जम्मू–कश्मीर के बारामूला जिले में तैनात थे। यहां आतंकवादियों के खिलाफ अभियान चलाए जा रहे थे। 30 जून को सुरक्षा बलों को खुफिया सूत्रों से सूचना मिली कि बारामूला जिले के बांदीपुरा में कुछ आतंकवादी छुपे हुए हैं। चूंकि सूचना विश्वसनीय सूत्रों से मिली थी, इसलिए उसका विश्लेषण कर तुरंत कार्रवाई करने का फैसला लिया गया। ले. कर्नल विनय को उस क्षेत्र में तलाशी और आतंकवादियों के खात्मे का जिम्मा सौंपा गया। विनय अपने साथी जवानों के साथ बांदीपुरा की संदिग्ध इमारत के पास पहुंच गए। वहां एक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स भी था। ऐसे में आम लोगों को वहां से हटाना बहुत जरूरी था, अन्यथा भारी नुकसान हो सकता था।

जवानों ने इलाके की घेराबंदी कर ली और आतंकवादियों को बाहर निकलने के लिए ललकारा। विनय अपने जवानों का नेतृत्व कर रहे थे। इस दौरान एक–एक कमरे की तलाशी ली गई। इसके बाद जब विनय एक लॉबी में जा रहे थे, तो वहां मौजूद आतंकवादी ने उन पर हमला कर दिया।

विनय ने फुर्ती दिखाते हुए उस पर धावा बोला। इससे साथी जवानों को यह पता चला गया कि आतंकवादी कहां छुपे हुए हैं। हालांकि ले. कर्नल विनय गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका काफी खून बह गया था। वे कुछ समय बाद वीरगति को प्राप्त हो गए।

एक बहादुर सैनिक, उत्कृष्ट नेतृत्वकर्ता और साथी जवानों का बेहद ख़याल रखने वाले विनय का बलिदान हमें देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। लेफ्टिनेंट कर्नल विनय राव चौहान को शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया।



महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

## बाइडन ने अपने बेटे हंटर और अरकंसास की महिला की बेटी को सार्वजनिक तौर पर पोती स्वीकार किया

**वाशिंगटन/एपी**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने बेटे हंटर और अरकंसास की महिला लुंडेन रॉबर्ट्स की चार साल की बेटी को शुक्रवार को पहली बार सार्वजनिक तौर पर अपनी पोती स्वीकार किया। बाइडन ने एक बयान में कहा कि हंटर और रॉबर्ट्स अपनी बेटी नेवी के सर्वोत्तम हित के लिए मिलकर काम कर रहे हैं और बच्ची की गोपनीयता को जितना संभव हो सके, उतना सुरक्षित रखा जा रहा है। बाइडन ने इस बच्ची को सार्वजनिक तौर पर अपनी पोती के रूप में पहली बार स्वीकार किया है। उसके अलावा भी बाइडन के छह पोते-पोतियां हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, यह कोई राजनीतिक मामला नहीं है। यह पारिवारिक मामला है। जिल और मैं केवल वही चाहते हैं, जो नेवी सहित हमारे सभी पोते-पोतियों के लिए सबसे अच्छा हो।

रोबर्ट्स ने बच्ची के पालन-पोषण के लिए अदालत में मुकदमा किया था और डीएएन जांच में हंटर के बच्ची का पिता होने की बात साबित हुई थी। दोनों पक्षों ने बच्ची के पालन-पोषण संबंधी मसलों को हाल में सुलझा लिया है। राष्ट्रपति के बेटे ने 2021 में प्रकाशित संस्मरण में रॉबर्ट्स के साथ अपनी मुलाकात के बारे में लिखा था। उन्होंने बताया था कि जब वह राबर्ट्स से मिले थे, तब वह मादक पदार्थ और शराब के नशे में थे।

### जांच शिविर



मणिपुर में शनिवार को जातीय हिंसा के बीच मणिपुर में विस्थापित लोगों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए एक गैर सरकारी संगठन द्वारा शनिवार को मणिपुर के चुराचांदपुर में एक मुफ्त चिकित्सा जांच शिविर में भाग लेते लोग।

## नाइजर में सैन्य तख्तापलट के कारण राजनीतिक अस्थिरता है : ब्लिंकन

**कैनबरा/एपी**

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शनिवार को कहा कि नाइजर में सैन्य तख्तापलट के कारण राजनीतिक अस्थिरता है। उन्होंने कहा कि इससे अमेरिका द्वारा अफ्रीकी राष्ट्र को प्रदान की जाने वाली आर्थिक सहायता को लेकर खतरा है। सेना ने हाल में लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति मोहम्मद बजौम को हिरासत में ले लिया था जिससे देश में राजनीतिक अराजकता पैदा हो गई थी। जनरल अब्दुर्रहमान त्वियानी को उन विद्रोही सैनिकों का नेता घोषित किया गया था जिन्होंने तख्तापलट करते हुए लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति को हिरासत में ले लिया था।

ब्लिंकन इस समय प्रशांत क्षेत्र के दौरे के तहत ऑस्ट्रेलिया में हैं। उन्होंने कहा कि नाइजर की अमेरिका के साथ जारी सुरक्षा और आर्थिक व्यवस्था बजौम की रिहाई और ''नाइजर में लोकतांत्रिक व्यवस्था की तत्काल बहाली पर निर्भर है। ब्लिंकन ने कहा, नाइजर के साथ हमारी आर्थिक और सुरक्षा साझेदारी लोकतांत्रिक शासन और संवैधानिक व्यवस्था की निरंतरता पर निर्भर करती है।

उन्होंने हालांकि इस संबंध में कोई विवरण नहीं दिया। ब्लिंकन ने कहा कि नाइजर में अमेरिकी दूतावास ने सभी कर्मचारियों और उनके परिवारों की सुरक्षा का ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने सुरक्षा चेतावनी जारी करते हुए देश में अमेरिकी नागरिकों को अनावश्यक गतिविधियों को सीमित करने और तख्तापलट से प्रभावित क्षेत्रों से बचने की सलाह दी है।

## आप उसके लिए लड़की ढूंढ़िए : सोनिया गांधी ने हरियाणा की महिला किसानों से राहुल गांधी के बारे में कहा

नई दिल्ली/भाषा। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी से हरियाणा की महिला किसानों ने बातचीत में कहा कि ''राहुल की शादी करिए। इस पर सोनिया ने पलटकर उनसे कहा कि ''आप उसके लिए लड़की ढूंढ़िए। विवाह की इस चर्चा के बीच कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा, ऐसा होगा। राहुल गांधी ने हाल में हरियाणा की अपनी यात्रा के दौरान महिला किसानों को भोज देने का वादा किया था और इसी वादे को पूरा करते हुए सोनिया गांधी ने हरियाणा के सोनीपत जिले की कुछ महिलाओं को अपने आवास पर दोपहर के भोजन के लिए आमंत्रित किया था। भोजन पर आमंत्रित महिलाओं ने सोनिया गांधी से मुलाकात के दौरान राहुल के विवाह की चर्चा की। सोनिया के 10 जनपथ आवास पर पहुंची एक महिला ने उनसे कहा, राहुल की शादी करिए। इस पर सोनिया ने कहा '' आप उसके लिए लड़की ढूंढ़िए। राहुल वहां खड़े इस बातचीत को सुन रहे थे और उन्होंने कहा, ऐसा होगा...। इस दौरान एक महिला ने राहुल गांधी को अपने हाथ से खाना भी खिलाया।

हल्के-फुल्के माहौल में चर्चा के बीच कांग्रेस महासचिव और राहुल की बहन प्रियंका गांधी वाद्रा ने महिलाओं से कहा, राहुल मुझसे ज्यादा शरारती था, लेकिन ज्यादा डांट मुझे पड़ती थी। राहुल गांधी आठ जुलाई को अचानक सोनीपत के मदीना गांव पहुंचे थे। उन्होंने लोगों से बातचीत की और खेतों में काम कर रहे किसानों के साथ वक्त बिताया था। इस दौरान राहुल गांधी ने उन्हें 'दिल्ली दर्शन' के लिए बुलाने का वादा किया था। इन लोगों ने कांग्रेस नेता से कहा था कि राष्ट्रीय राजधानी के इतने करीब रहने के बावजूद वे दिल्ली कभी नहीं गए हैं।


लोगों से इसी मुलाकात के क्रम में राहुल गांधी ने किसान महिलाओं की बातचीत अपनी बहन प्रियंका से कराई थी। इन महिलाओं ने प्रियंका गांधी वाद्रा से उन्हें खाने पर आमंत्रित करने की इच्छा जताई थी। राहुल गांधी ने महिलाओं से मुलाकात के बाद टवीटर पर एक वीडियो साझा करके कहा, कुछ बेहद खास मेहमानों से मां, प्रियंका और मेरी मुलाकात का यादगार दिन। सोनीपत की किसान बहनों का दिल्ली दर्शन, उनके साथ घर पर भोजन और ढेर सारी बातचीत। देसी घी, मीठी लस्सी, घर के बने अचार और ढेर सारा प्यार-अमूल्य उपहार मिले। कांग्रेस ने अपने टवीटर हैंडल पर लिखा,'' राहुल गांधी ने सोनीपत की किसान बहनों को दिल्ली बुलाने का वादा किया था। किसान बहनें दिल्ली आईं और इस तरह से वादा पूरा हुआ।

## 'इंडिया' के सदस्यों का मणिपुर दौरा मात्र दिखावा है: अनुराग ठाकुर

**कोलकाता/भाषा**

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को कहा कि विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के सदस्यों का दौरा ''मात्र दिखावा है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने शनिवार सुबह कोलकाता पहुंचने के बाद आरोप लगाया कि जब पूर्ववर्ती सरकारों के शासन में मणिपुर ''जलता था, तब उन लोगों ने संसद में एक भी शब्द नहीं कहा, जो अब पूर्वोत्तर राज्य का दौरा कर रहे हैं।

ठाकुर ने कहा, जब मणिपुर महीनों बंद रहा करता था, तब उन्होंने एक भी शब्द नहीं कहा। उन्होंने कहा कि जब प्रतिनिधिमंडल मणिपुर से लौट आएगा, तो इस टीम के सदस्य ''संसद में कामकाज नहीं होने देंगे। ठाकुर ने कहा, मैं कांग्रेस



नेता अधीर रंजन चौधरी से अनुरोध करता हूं कि वे इसी प्रतिनिधिमंडल को पश्चिम बंगाल लेकर आएं, जहां महिलाओं के खिलाफ अत्याचार हो रहे हैं। उन्होंने कहा, जिस तरह ममता बनर्जी की सरकार हत्याओं के जरिए सत्ता पर काबिज है, क्या कांग्रेस उसका विरोध करती है?

ठाकुर ने सवाल किया कि क्या 'इंडिया' गठबंधन राजस्थान का दौरा करेगा, जहां ''महिलाओं के खिलाफ अपराध हो रहे हैं और क्या वह पश्चिम बंगाल एवं राजस्थान पर रिपोर्ट सौंपेगा। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के 21 सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल जमीनी हकीकत का आकलन करने के लिए हिंसा प्रभावित मणिपुर के दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को यहां पहुंचा। विपक्षी दलों के सांसदों का दल तीन मई से पूर्वोत्तर राज्य में भड़की जातीय हिंसा के पीड़ितों से मिलने के लिए कई राहत शिविरों का दौरा करेगा। मणिपुर में अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में पर्वतीय जिलों में तीन मई को 'आदिवासी एकजुटता मार्च' के आयोजन के बाद राज्य में भड़की जातीय हिंसा में अब तक 160 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।



मलेशिया के कुआलालंपुर में मलेशिया के राष्ट्रीय चिड़ियाघर नेगारा में बाघ जैसी वेशभूषा में कलाकार आगंतुकों के साथ बातचीत करते हुए।


## पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की मदद करेंगे सोनू सूद

**मुंबई/वार्ता**

बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की मदद करेंगे। सोनू सूद पंजाब में बाढ़ प्रभावितों के लिए मदद के लिये आगे आये हैं। सोनू सूद ने अपने ट्विटर हैंडल पर पोस्ट डाली है। जिसमें सोनू सूद ने लिखा है- मेरे प्यारे पंजाब, मेरा दिल तुम्हारे लिए दुखता है।

चूंकि बाढ़ ने उस भूमि पर कहर बरपाया है, जिसने मुझे बड़ा किया है, ऐसे में मैं बेकार खड़ा रहना बर्दाश्त नहीं कर सकता। पंजाब ने मुझे बहुत कुछ दिया है और अब वापस लौटने का समय आ गया है।

सोनू सूद ने लिखा, साथ मिलकर इस तूफान का सामना करेंगे, पुनर्निर्माण करेंगे और जरूरतमंद साथी पंजाबियों के लिए मजबूत होकर उभरेंगे। उन्होंने अपने ट्वीट में सूद चैरिटी फाउंडेशन का एक नंबर 78886-75107 भी जारी किया है। साथ ही लिखा है कि कोई जरूरतमंद इस नंबर पर हमें एसएमएस के माध्यम से संदेश भेजे। मदद उस तक पहुंचेगी।





## फिल्म 'अकेली' का टीजर रिलीज

**मुंबई/वार्ता**

बॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत भरूचा की आने वाली फिल्म अकेली का टीजर रिलीज हो गया है। प्रणय मेश्राम के निर्देशन में बनी फिल्म 'अकेली' एक साधारण सी लड़की की कहानी है। वह ट्रक में कई लड़कियों के साथ एक अनजान जगह पर आ गई है। यह क्राइम और अंधकार से भरी दुनिया है, जहां खौफ के अलावा कुछ नहीं है।इस फिल्म में नुसरत के साथ निशांत दहिया भी नजर आएंगे। फिल्म अकेली 18 अगस्त को रिलीज होगी।

### प्रदर्शन




नई दिल्ली में शनिवार को ऑल असम माइनॉरिटी स्टूडेंट्स यूनियन (एएएमएसयू) के सदस्य जंतर-मंतर पर अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में प्रदर्शन करते हुए।

## भगवान की कृपा से जल्द स्वस्थ हो रही हूं : सुष्मिता

मुंबई/भाषा। बॉलीवुड अभिनेत्री सुष्मिता सेन ने कहा कि अब वह बेहतर हैं और उन्हें उम्मीद है कि वह जल्द ही आर्या वेबसीरीज के तीसरे सीजन और अपनी नई वेबसीरीज ताली को दर्शकों के सामने लेकर आएंगी। इस साल मार्च में दिल का दौरा पड़ने के बाद मुंबई के एक अस्पताल में सेन की एंजियोप्लास्टी हुई थी। सेन (47) ने बुधवार रात सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर एक लाइव सत्र का आयोजन किया था, जहां उन्होंने अपने प्रशंसकों के साथ बातचीत की। इस दौरान एक प्रशंसक ने जब उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछा तो सेन ने कहा कि वह 'बेहतर' हैं। बातचीत के दौरान सेन ने कहा, भगवान की कृपा से ठीक से भोजन कर रही हूं और जल्द स्वस्थ हो रही



हूं। मैं यह कोशिश कर रही हूं कि 'ताली' और 'आर्या 3' को जल्दी से आपके सामने कैसे लाया जाए। पूर्व मिस यूनिवर्स ने कहा कि वह भी आर्या के तीसरे संस्करण के प्रीमियर का इंतजार कर रही हैं। उन्होंने जून में इस सीरीज की शूटिंग पूरी की थी।




## 'रॉकी और रानी..' पर कंगना रनौत ने दी प्रतिक्रिया, कहा- 'करण जौहर को शर्म आनी चाहिए'

**मुंबई/एजेन्सी**

एक्ट्रेस-फिल्ममेकर कंगना रनौत ने आलिया भट्ट और रणवीर सिंह स्टारर लेटेस्ट रिलीज 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' की आलोचना की है। एक्ट्रेस ने इसे 'बकवास' बताया और कहा कि नब्बे के दशक की अपनी ही फिल्मों की नकल करने के लिए फिल्म निर्माता करण जौहर को शर्म आनी चाहिए। कंगना ने इंस्टाग्राम का सहारा लिया, जहां उन्होंने पहली बार 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' की तुलना पिछले हफ्ते हॉलीवुड रिलीज क्रिस्टोफर नोलन की 'ओपेनहाइमर' से की। उन्होंने कहा कि 'नेपो गैंग' ने करण जौहर की तरफ इशारा किया है, जिसे उन्होंने 'कॉफी विद करण' के एक एपिसोड में 'भाई-भतीजावाद का ध्वजवाहक' कहा था, जिसे उन्होंने 'सास बहू का रोना' बना दिया है।

कंगना ने अपनी इंस्टाग्राम



कहानियों पर लिखा: इंडियन ऑडियन्स परमाणु हथियार की उत्पत्ति और परमाणु विज्ञान को देख रहे और यहां नेपो गैंग का वही सास बहू का रोना पर 3 घंटे लंबी फिल्म बन रही है, लेकिन उन्हें एक डेली सोप बनाने के लिए 250 करोड़ की क्या जरुरत है ? दोबारा ऐसा करने के लिए करण जौहर को शर्म आनी चाहिए। अपने आप को भारतीय सिनेमा का रक्षक कहना और इसे लगातार पीछे ले जाना, पैसे बर्बाद न करें, यह इंडस्ट्री के लिए आसान समय नहीं है, अब रिटायर हो जाएं और यंग फिल्ममेकर्स को नई और क्रांतिकारी फिल्में बनाने दें।

इसके बाद उन्होंने कहा कि दर्शकों को अब बेवकूफ नहीं बनाया जा सकता। एक्ट्रेस ने एक्टर रणवीर सिंह को भी सलाह दी। रणवीर सिंह को मेरी सच्ची सलाह है कि उन्हें करण जौहर और उनके ड्रेसिंग सेंस से इम्प्रेस होना बंद कर देना चाहिए... उन्हें एक नॉर्मल इंसान की तरह कपड़े पहनने चाहिए, जैसे धर्मेंद्र या विनोद खन्ना जी अपने दिनों के भारतीय लोगों की तरह कपड़े पहनते थे। कृपया सभी साउथ के हीरोज को देखें कि वे कैसे कपड़े पहनते हैं और खुद को बड़ी गरिमा के साथ रखते हैं। वे मर्दाना और प्रतिष्ठित दिखते हैं। वे लोग हमारे देश में संस्कृति को बर्बाद नहीं करते हैं।'' एक्टिंग की बात करें तो कंगना अगली बार 'तेजस' और 'इमरजेंसी' में नजर आएंगी।

## फिल्म 'डबल आईस्मार्ट' से जुड़े संजय दत्त



**मुंबई/एजेन्सी**

राम पोथिनेनी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'डबल आईस्मार्ट' की शूटिंग हाल ही में मुंबई में शुरू हुई। यह फिल्म सुपरहिट 'आईस्मार्ट शंकर' की अगली कड़ी है, जिसमें राम के साथ प्रसिद्ध निर्देशक पुरी जगन्नाध और चार्मने कौर द्वारा निर्मित है। फिल्म को लेकर उत्साह तब और बढ़ गया जब टीम ने आज एक बड़ा अपडेट जारी किया। बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त 'डबल आईस्मार्ट' के कलाकारों में शामिल हो गए हैं और फिल्म में एक पूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। 29 जुलाई को, निर्माताओं ने उनके चरित्र का नाम, बिग बुल, और फिल्म से उनका पहला लुक जारी किया। यश की 'केजीएफ 2' के साथ अपने सफल अभिनय के बाद, संजय दत्त 2019 की सुपरहिट, 'आईस्मार्ट शंकर' की अगली कड़ी 'डबल आईस्मार्ट' में राम पोथिनेनी के साथ दिखाई देंगे। फिल्म में उनके किरदार को बिग बुल के नाम से जाना जाएगा। शनिवार को उन्हें एक मनमोहक फर्स्ट-लुक पोस्टर के जरिए दर्शकों से परिचित कराया गया।

उसी में, संजय ने अपना अल्ट्रा-स्टाइलिश अंदाज दिखाकर महफिल लूट ली। फंकी हेयरडू और दाढ़ी के साथ, वह झुमके, अंगूठियां, एक उत्कृष्ट घड़ी और एक आकर्षक चेहरे और उंगली टैटू से सजे एक तेज सूट में बिल्कुल डैशिंग लग रहा है। बंदूकों से घिरे होने के बावजूद, संजय दत्त आत्मविश्वास से सिगार पीते हुए निडरता की आभा दिखाते हैं। पोस्टर से साफ है कि 'डबल आईस्मार्ट' में उनका किरदार बेहद दमदार और कमांडिंग है।

निर्देशक पुरी जगन्नाध अपने अभिनेताओं को सबसे मनोरम और जन-आकर्षक तरीके से प्रस्तुत करने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं। फिल्म निर्माता ने निश्चित रूप से इस फिल्म में संजय दत्त के किरदार को बखूबी निभाया है। दर्शक 'डबल आईस्मार्ट' में संजय का बिल्कुल अनोखा और पहले कभी न देखा गया अवतार देखने की उम्मीद कर सकते हैं।

राम पोथिनेनी और संजय दत्त के संयोजन के परिणामस्वरूप प्रशंसकों और फिल्म प्रेमियों के बीच प्रत्याशा बढ़ गई है। इन दो गतिशील अभिनेताओं को स्क्रीन साझा करते हुए देखने की संभावना निर्विवाद रूप से रोमांचक है और यह निश्चित रूप से फिल्म की समग्र अपील को बढ़ाएगी। जैसे-जैसे शूटिंग आगे बढ़ रही है, प्रशंसक उत्सुकता से 'डबल आईस्मार्ट' के सेट से आगे के अपडेट और झलकियों का इंतजार कर रहे हैं।

संपूर्ण कलाकारों और पुरी के नेतृत्व में, फिल्म ने उच्च उम्मीदें जगाई हैं, जिससे प्रशंसक बड़े पर्दे पर रोमांच और मनोरंजन का अनुभव करने के लिए उत्सुक हैं। इस फिल्म को पैन इंडिया प्रदर्शित किया जाएगा।

यह फिल्म तमिल, तेलुगू, कन्नड, मलयालम और हिन्दी में प्रदर्शित की जाएगी। पुरी जगन्नाथ इससे पहले हिन्दी में अमिताभ बच्चन को लेकर बुडढा होगा तेरा बाप और करण जौहर के लिए विजय देवरकोंडा को लेकर लाइगर का निर्देशन कर चुके हैं।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

शास्त्र गुण के चार अधिकारों वांचना, पृच्छना, परावर्तना और अनुप्रेक्षा के बाद पांचवां धर्मोपदेश होता है। शास्त्र सुन लिया, फिर भी व्यक्ति के जीवन में प्रमाद है तो धर्मोपदेश फलीभूत नहीं होता। प्रमाद के विभिन्न प्रकारों की विवेचना करते हुए उन्होंने बताया कि प्रमाद आठ प्रकार के हैं। उसमें प्रथम दो प्रकार संशय व विपर्यास के है। संशय से जीवन भय से ग्रसित रहता है। संशय और जिज्ञासा अलग-अलग है। जानने की पिपासा, वह जिज्ञासा है। अपने मन में हमेशा शंकाएं बनी रहती हैं, चाहे कितना भी सुन लें, वह संशय है। शंकाशील व्यक्ति कभी स्वस्थ नहीं रहता।




# जी.एस.एस. में जी2 विषय पर मनाया गया वार्षिकोत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। वेपेरी स्थित गुरु श्री शांतिविजय जैन विद्यालय के प्रांगण में 57 वां वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रार्थना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। के.जी. और प्राइमरी के छात्र-छात्राओं ने जी20 विषय पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों का उत्साह देखने लायक रहा। वार्षिकोत्सव के मुख्य अतिथि उच्च न्यायालय, मद्रास की न्यायाधीश वी.भवानी सुब्बारोयान और वरिष्ठ अधिवक्ता वकील प्रमोद कुमार चोपड़ा रहे। साथ ही विद्यालय के अध्यक्ष डॉ.गौतम वैद ,संवाददाता और सचिव डॉ. ज्ञान जैन, महावीर कल्याण संघ के अध्यक्ष प्रकाश जैन, प्राचार्या उमा माहेश्वरी और कमेटी के सदस्यगण की उपस्थिति रही। डॉ. ज्ञान जैन ने अपने स्वागत भाषण में शिक्षा को ही न्याय का आधार बताया। शिक्षा ही हमें सदाचार,न्याय, इंसानियत, दयालुता आदि सिखाती है। प्राचार्या उमा माहेश्वरी ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए मुख्य अतिथिगण का परिचय दिया। मुख्य अतिथि वी.भवानी सुब्बारोयान और वरिष्ठ अधिवक्ता प्रमोद कुमार चोपड़ा को शाल ओढाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सभी छात्र-छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए नगद राशि ,पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। अध्यापकगण को बोर्ड परीक्षा के अच्छे परिणाम के लिए नगद राशि और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया ।

विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. गौतम वैद ने विद्यालय की बोर्ड परीक्षा के शत प्रतिशत परिणाम के लिए कठिन मेहनत, नैतिक मूल्यों, खुशहाल वातावरण के साथ अध्यापकगण का आभार व्यक्त किया। वरिष्ठ प्रवक्ता प्रमोद कुमार चोपड़ा ने विद्यालय की सफ़लता का श्रेय प्रबंधन कमेटी और शिक्षक वृंदोंको दिया।

मुख्य अतिथि वी.भवानी सुब्बारोयान ने विद्यार्थियों को अपने बचपन का आनंद लेने को कहा। सभी को अपने माता-पिता, अध्यापकगण और समाज के लिए अच्छा बना रहने के लिए प्रेरित किया, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि 'बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ 'अभियान से एक बेटी ही पढ़कर आगे नहीं बढ़ती बल्कि उसके साथ उसका पूरा परिवार और समाज आगे बढ़ता है। छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभाओं को समझने और निखारने का संदेश भी दिया। उसके उपरांत छठीं कक्षा से बारहवीं कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने 'वसुधैव कुटुंबकम' विषय पर गीत, नृत्य और नाटक का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका के.सत्यभामा ने धन्यवाद ज्ञापन में सभी अतिथिगण, शिक्षकगण, विद्यार्थिगण और अभिभावकों को इस आयोजन को अपने सहयोग से एक यादगार और उत्साह भरा दिन बनाने के लिए धन्यवाद दिया।

# सत्य के मार्ग पर चलो कल्याण अवश्य होगा : देवेंद्रसागरसूरी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां श्री सुमतिवल्लभ नोर्थटाउन श्वेतांबर मूर्तिपूजक जैन संघ के तत्वावधान में आयोजित धर्म सभा को संबोधित करते हुए पूज्य आचार्य श्री देवेंद्रसागरसूरिजी ने कहा कि सत्य का मार्ग मोक्ष की ओर ले जाता है। सत्य कड़वा अवश्य होता है, सत्य बोलने वालों को कष्ट भोगने पड़ते हैं लेकिन एक दिन वह व्यक्ति अन्य व्यक्तियों को पीछे छोड़कर काफी आगे निकल जाता है। सत्य का मार्ग जीवन जीने का आधार है। उन्होंने कहा कि जब जीवन की एक सांस का भरोसा नहीं है तब भी मनुष्य छल, कपट कर लोगों के दिलों को दुखाकर हवेली बनवा रहे हैं। भौतिक सुख प्राप्त करने के लिए सत्य सुख शान्ति का मर्म भी नहीं समझ रहे, जीवन के अंत का भी अहसास नहीं कर रहे हो, सच्चा सुख तो केवल परमात्मा की शरण है। जिस प्रकार इस नश्वर शरीर में रोग लग जाने के उपरांत चिकित्सक से परामर्श लेना पड़ता है, ठीक उसी प्रकार जीवन को रोग से बचाने के लिए ईश्वर का चिंतन आवश्यक है। सत्य के संग में आने का धर्म हर मानव का धर्म-कर्म बनता है। इतने विशाल सत्य के संग के आप स्वयं व्यवस्थापक हैं। आप पर किसी को तैनात नहीं किया जा सकता। सत्य को कोई भी नहीं खरीद सकता। लेकिन जिसने सत्य के मार्ग पर चलने का प्रयास किया तो सत्य ने उसका कल्याण अवश्य किया है। जिसने पृथ्वी पर जन्म लिया है उसे एक न एक दिन अवश्य जाना है इसीलिए मानव सेवा को सबसे बड़ी सेवा मानकर कर्म करो, तभी कल्याण संभव है। वर्तमान समय में जहां चहुं तरफ असत्य का बोलबाला है। हिंसा, अराजकता, अनाचार, अत्याचार आदि कृत्य के साए में मानव जी रहा है। ऐसे समय में सत्य के मार्ग पर चलने वाले तथ्य सच्चाई की बात कर लोगों को सत्य से न डिगने की बात करने वाले व्यक्ति का आज के समय में मजाक उड़ाया जाता है। ऐसा वह लोग करते हैं जो कि सत्य का सामना नहीं कर पाते। अंत में आचार्य श्री ने कहा कि एक बार समय से तो समझौता किया जा सकता है, लेकिन सत्य से समझौता नहीं किया जा सकता क्योंकि समय व्यक्ति को मिला एक ऐसा कोश है जिसका समाप्त होना तो निश्चित है लेकिन यदि उसके सही मूल्य को समझकर उसे सही जगह निवेश किया जाए तो आपके जीवन में मिला यह थोड़ा सा ही समय उस पूरे युग को मूल्यवान बना देता है। जबकि सत्य ऐसा मूल्य है जो पूरी मानव जाति को वास्तविक मानवतावादी मान बनाती है।



# वंदन करने से सौभाग्य की प्राप्ति होती है : साध्वी चैतन्याश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां पुरुषवाक्कम के ए.एम.के.एम सेन्टर में विराजित साध्वी श्री चैतन्यश्रीजी म.सा.ने अपने प्रवचन में बताया कि भगवान ने आवश्यक सूत्र में तीसरा आवश्यक वंदन बताया है वंदन करने से सौभाग्य की प्राप्ति होती है नीच गोत्र का बंधन टूटता है और उच्च गौत्र का बंधन बनता है गुरु को वंदन करने की योग्य विधि बताते हुए उन्होंने बताया कि जब गुरु स्वाध्याय में लीन हो ध्यान कर रहे हो साधना में बैठे हो तब दूर से ही वंदन करना चाहिए जब गुरु किसी से बात कर रहे हो, आत्म चिंतन करते हो प्रवचन कर रहे हो तब भी उनको वंदन दूर से ही कर लेना चाहिए गुरु के ज्ञान दर्शन चरित्र को वंदन किया जाता है गुरु को वंदन के द्वारा नमन करना चाहिए बड़ों को प्रणाम एवं जय जिनेंद्र कहना चाहिए तथा छोटों के साथ जय जिनेंद्र का व्यवहार करना चाहिए। वंदन जिनशासन में अत्यंत गहरा स्थान हैं। स्वयं गौतम स्वामी 14000 साधुओ के प्रमुख 14 पूर्व के ज्ञाता थे फिर भी प्रभु के सामने हर बार झुकते थे। बार-बार झुक कर वंदन करते थे। जब गौतम स्वामी को पता चला कि वह आनंद श्रावक को गलत बोल दिया है तो तुरंत आनंद श्रावक के पास गए और आनंद श्रावक से माफी मांगते हुए प्रायश्चित मांगने लगे। इतने विशाल हृदय के थे गौतम स्वामी। वंदन तथा प्रणाम करने से नीच गोत्र का क्षय होता है और उच्च गोत्र का बंधन के साथ सौभाग्य की प्राप्ति होती है जो मनुष्य धर्म की रक्षा करता है धर्म उसकी रक्षा करता है जिसकी आत्मा बलवान हो जिसका संकल्प दृढ़ हो सर्व कल्याण की भावना हो सत्संग में जाकर साधु संतों की सेवा करने वाला हो वह मनुष्य सभी के लिए प्रिय बनकर घर परिवार का नाम रोशन करता है तथा वह व्यक्ति मरकर भी अमर हो जाता है। शनिवार की धर्म सभा में पदमचंद कांकरिया, सज्जनराज भंडारी, सुरेशचंद डुंगरवाल, कमल कोठारी, सुरेंद्रकुमार बोहरा समेत अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे यह जानकारी पुरुषवाक्कम संघ के अध्यक्ष विनयचन्द पावेचा ने दी।



# मनुष्य को प्रेम और त्याग में जीना चाहिए : गणिवर्य मनिषप्रभ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयम्बटूर। खरतरगच्छ के गच्छाधिपति आचार्यश्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वरजी म. सा. के आज्ञानुवर्ती मुनिश्री स्थविर मुक्तिप्रभसागरजी, गणिवर्य मुनिश्री मनीषप्रभसागरजी, मुनिश्री मतिषप्रभ सागरजी म. सा. कोयम्बटूर जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ के भवन में चातुर्मासार्थ विराजित हैं। गणिवर्य मनिषप्रभजी म. सा. ने प्रवचन में कहा कि जानवर और मनुष्य में यही अंतर है मनुष्य प्रेम और त्याग में जीता है और जानवर प्रेम और त्याग नहीं कर सकते। अगर व्यक्ति प्रेम और त्याग नहीं करता तो जानवर में और इंसान में कोई अंतर नहीं होता। इसलिए घर में परिवार में समाज में शांति का वातावरण बना रहे इसके लिए प्रेम त्याग मधुर वाणी का होना बहुत ही जरूरी है। वर्तमान में प्रेम और त्याग की भावना लुप्त होती जा रही है केवल स्वार्थ और मेरा तेरे की भावना बढ़ती जाती है। जिसके चलते टकराव है, अलगाव है। हमें अपने जीवन में किसी के आंखों में आंसू ना आए इसका हमें ध्यान रखना है और ऐसा जीवन जीना है अपने लिए दूसरों के आंखों में आंसू आए लोग हमें हमेशा याद करें। जहां से जाते हैं वहां लोग भूले नहीं और जहां जहां रहे हैं वहां लोग हमारा इंतजार करें। परमात्मा महावीर ने प्रेम और त्याग को हिम्मत दिया है जो व्यक्ति प्रेम और त्याग में जीता है तो हो स्वर्ग के सुख का अनुभव करता है। मुक्तिप्रभसागर जी ने गीत के माध्यम से 24 तीर्थंकरों एवम चारो दादा गुरुदेव, सिद्ध आचार्य के गुण संगीतमय प्रस्तुति देकर गीतिका गाकर किया और जिसको सब श्रद्धालुओं ने साथ दिया। सबका स्वागत अध्यक्ष सुरेंद्र गोलेछा ने किया, संचालन सचिव श्याम सुन्दर लूनिया ने किया, धन्यवाद ज्ञापन दीपक नाहटा ने किया।

# जीवन में प्रमाद है तो धर्मोपदेश फलीभूत नहीं होता : आचार्य उदयप्रभ सूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। यहां किलपॉक जैन संघ में विराजित योगनिष्ठ आचार्य केशरसूरी समुदाय के वर्तमान गच्छाधिपति आचार्यश्री उदयप्रभ सूरीश्वरजी म.सा.ने बताया कि शास्त्र गुण के चार अधिकारों वांचना, पृच्छना, परावर्तना और अनुप्रेक्षा के बाद पांचवां धर्मोपदेश होता है। शास्त्र सुन लिया, फिर भी व्यक्ति के जीवन में प्रमाद है तो धर्मोपदेश फलीभूत नहीं होता। प्रमाद के विभिन्न प्रकारों की विवेचना करते हुए उन्होंने बताया कि प्रमाद आठ प्रकार के हैं। उसमें प्रथम दो प्रकार संशय व विपर्यास के है। संशय से जीवन भय से ग्रसित रहता है। संशय और जिज्ञासा अलग-अलग है। जानने की पिपासा, वह जिज्ञासा है। अपने मन में हमेशा शंकाएं बनी रहती हैं, चाहे कितना भी सुन लें, वह संशय है। शंकाशील व्यक्ति कभी स्वस्थ नहीं रहता। ज्ञानियों ने ज्ञान पाने के लिए श्रद्धा व युक्ति का मार्ग बताया है। जहां तर्क काम नहीं करता, वहां श्रद्धा होती है। आगम में जो लिखा है, वह संपूर्ण सच है। उन्होंने कहा झूठ बोलने के तीन ही कारण होते हैं राग, द्वेष और मोह। सर्वज्ञ इन सब से परे होते हैं। संसार का 95% व्यवहार श्रद्धा से चलता हैं। प्रमाद का एक अन्य कारण विपर्यास यानी गलत ज्ञान है। कुछ लोग कहते हैं महावीर प्रभु के समय लाइट नहीं थी, अब लाइट है तो रात्रि में भोजन करने से कोई तकलीफ नहीं है, यह विपर्यास है। ज्ञानी कहते हैं फलाहार ख़ास तौर पर मानव के लिए नहीं है, फलाहार तीर्यंच यानी पशु गति के जीवों के लिए है। मानव के लिए अन्नाहार है। लीलोतरी से ज्यादा शक्ति धान्य में होती है। बीज से लगाकर फल तक प्राप्ति के लिए कुल सात तरह के जीवों की उत्पत्ति होती है वे है बीज, मूल, तना, शाखा, पत्ते, फूल और फल। एक फल खाने से असंख्य, अपर्याप्त जीवों की हिंसा लगती है। फलाहार स्वाद व विराधना की वृत्ति है। पेट तो अन्न से भर जाता है, अकेला फलाहार पेट नहीं भरेगा, इसलिए अन्नाहार ही मानवी का मुख्य आहार है।

आचार्यश्री ने आगे कहा त्यागवृत्ति मंत्रबल की उर्जा को बढ़ाती है। अकेला मंत्र कुछ नहीं कर सकता, उसके पीछे ब्रह्मचर्य, भक्ति आदि की धर्माराधना होनी चाहिए। परमात्मा के कुछ सिद्धांत तर्क से और कुछ श्रद्धा से मिलते हैं। ज्ञानियों ने कहा जहां अंधकार है, वहां जीवों की उत्पत्ति होती है। कुछ लोग सूर्य को देवता मानते हैं लेकिन हम सूर्य को देव से भी अधिक स्वजन मानते हैं। जैन परंपरा में सूर्य के उदय होने के बाद खाते पीते है और सूर्यास्त होने के बाद खाना पीना छोड़ देते हैं। सूर्य के अस्त होने का मानो शोक मना रहे हैं। उन्होंने कहा हमें लोकविरुद्ध प्रवृत्ति कभी नहीं करनी चाहिए। शास्त्रों ने ग्रहणकाल में असज्झाय बताया है। ग्रहणकाल में प्रभु भक्ति, सामायिक, प्रतिक्रमण आदि सब किया जा सकता है। केवल आगम का स्वाध्याय करने की मनाही की गई है। ज्ञानियों ने कहा मात्र शब्दों पर नहीं जाएं, समाचारी पर जाएं। जब तक सापेक्षवाद नहीं समझोगे, अनेकांतवाद समझ में नहीं आएगा।



# अग्रवाल समाज (मद्रास) का चुनाव संपन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां श्री अग्रवाल समाज मद्रास की शनिवार को सायं साधारणसभा का आयोजन किया गया जिसमें मुरारीलाल सौंथालिया को पुनः अध्यक्ष चुना गया। चुनाव अधिकारी मुकेश गुप्ता ने सत्र 2023-25 के लिए चुनाव प्रक्रिया पूरी की व नई टीम की घोषणा की।

अध्यक्ष के रूप में मुरारीलाल सौंथालिया, उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार सिंगला एवं सांवरमल खेमका, महासचिव हरीश कुमार लोहिया, संयुक्त सचिव सुमित पौद्दार एवं कोषाध्यक्ष विवेक कुमार अग्रवाल बनाए गएं। वहीं कार्यकारिणी समिति में श्रवण कुमार तोदी, बी.पी. झुनझुनवाला, राजेश अग्रवाल, बालगोविंद गुप्ता, श्रीपराशर लोहिया, हेमंत तुलस्यान, राजेंद्रकुमार लाठ, महेशकुमार अग्रवाल, नितेश कुमार गुप्ता एवं वासुदेव अग्रवाल को मनोनीत किया गया।

सभा की शुरुआत पूजा वंदना के साथ हुई। अध्यक्ष मुरारीलाल सौंथालिया ने सभी का स्वागत किया। महासचिव हरीश लोहिया ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कोषाध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने वार्षिक आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया जिसे सर्वसम्मति से पास किया गया। विगत वर्ष के दौरान तमिलनाडु अग्रवाल समाज इरोड द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया इस क्रिकेट टूर्नामेंट में श्री अग्रवाल नवयुवक संघ (एनएस इलेवन) क्रिकेट टीम ने भाग लिया था जिसमें श्री अग्रवाल नवयुवक संघ की टीम ने क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रतियोगिता में जीत हासिल की। अग्रवाल नवयुवक संघ के सभी खिलाड़ियों को इस आम सभा में चांदी के सिक्के भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर मनोहरलाल बगाड़िया, सज्जन कुमार रुंगटा, श्रीमती शालिनी अग्रवाल, उर्मिला सराफ एवं अग्रवाल समाज (मद्रास) के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# हमारे जीवन के डायरेक्टर होते हैं हमारे कर्म : साध्वी तत्वत्रयाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के महालक्ष्मी लेआउट स्थित चिंतामणि पार्श्वनाथ जैन मंदिर में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री तत्वत्रयाश्रीजी ने कहा कि ऐसी कोई जाति नहीं है, ऐसी कोई योनी नहीं है, ऐसा कोई स्थान नहीं है और ऐसा कोई कुल नहीं है कि जहाँ सभी जीव अनंत बार जन्मे नहीं हो और मरे नहीं हो। संसार एक रंगमंच है, उसके ऊपर जीव सदैव अभिनय करते रहते हैं । कर्म होते हैं डायरेक्टर-दिगदर्शक। कर्म जिस प्रकार नचाए हम उसी प्रकार नाचते रहते हैं। हम सभी अनन्त काल से अभिनय कर रहे हैं। इस संसार परिभ्रमण से मन उद्विग्न होना चाहिए। संसार परिभ्रमण के मुख्य हेतु है विषय और कषाय। विषय कषायों को प्रतिक्षण शत्रु समझें, मित्र नहीं । विषय कषायों का साथ नहीं ले, सहारा नहीं ले। सहारा लें मात्र देव, गुरु और धर्म का । तभी संसार परिभ्रमण का अंत आ सकता है। संसार की भयानकता का संवेदन होना चाहिए। संसार का इस प्रकार से चिंतन करते रहना है। संसार की निःसारता, असारता, क्षणिकता का पुनः पुनः, बार-बार चिंतन करते हुए जब संसार के प्रति वैराग्य जगता है, विरक्ति आ जाती है, तब जिनवचन ही जीवों को आंतरिक शान्ति देते हैं। संसार-परिभ्रमण के भय को मिटाते हैं।

जिनवचनों के सहारे ही जीव, संसार के दुःखों से बचने का आश्वासन पाता है, विश्वास पाता है । वैसे संसार की हिंसादि पापों की आसक्ति भी जिनवचनों से ही टूटती है। मोहासक्त और पापासक्त जीवों को भाग्यवश जिनवचन सुनने मिल जाते हैं, तो वे जीव मोहरहित, पापरहित बन जाते हैं । यह जानकारी जयंतीलाल श्री श्रीमाल ने दी



# सत्य ही शास्वत है : साध्वी धर्मप्रभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। शनिवार को साहूकार पेठ में साध्वी धर्मप्रभा ने श्रोताओं को धर्मसंदेश प्रदान करते हुए कहा कि सत्य को झूठलाया और मिटाया नहीं जा सकता है। मनुष्य को असत्य से सत्य का ज्ञान कोई दिला सकता है तो वो सत्य ही है। मनुष्य की आत्मा सत्य से एक बार वाकिब एवं अनूभूति कर लेगी तो आत्मा संसार में भटने वाली नहीं है। सत्य सदैव एक रूप में स्थित रहता है। वह किसी भी काल, किसी भी युग किसी भी परिस्थिति में परिवर्तित नहीं होने वाला। मृत्यु एक शाश्वत सत्य है। इस सत्य को मनुष्य जितना जल्दी स्वीकार कर लेगा उतनी ही जल्दी अपनी आत्मा को संसार के जीवायोनी से बाहर निकाल सकता है। सत्य अमिट है वो समाप्त नही हो सकता है। जो इस संसार में होकर भी नहीं रहने वाला वह मनुष्य का शरीर नाशवान है। जो सदैव जीवित रहने वाली है वो आत्मा है इस शास्वत सत्य को मनुष्य स्वीकार कर ले, तो अपनी इस आत्मा को हमेशा हमेशा के लिए परमात्मा से मिला सकता है।

साध्वी स्नेहप्रभा ने कहा कि संसार का सुख क्षण मात्र का है परन्तु मनुष्य संसारी सुख को स्थाई मानकर जीवन यापन कर रहा है असत्य के आकर्षक ने मनुष्य को आकर्षित करके मोह में बांधकर उसे सत्य से दूर कर रहा है जिसमें इंसान अंधा होकर असत्य में ही भटकता रहता है। आत्मा कभी नश्वर को प्राप्त होने वाली नहीं है। यह ही सत्य है। इंसान की आत्मा न जाने कितनी बार संसार में जन्म ले चुकी है। फिर भी सत्य को नही पहचान पा रहा है और संसार के छलावे असत्य को सत्य समझ कर शरीर के सुख को हम स्थाई मान रहे है। जबकि आत्मा संसार में कभी नहीं मरती है, शरीर मरता है। जिस दिन मनुष्य को सत्य का बोध हो गया तो वह आत्मा संसार मे भटने नहीं देगा।

साहूकारपेट एस. एस.जैन संघ के कार्याध्यक्ष महावीरचन्द सिसोदिया ने बताया कि प्रवचन मे अनेक उपनगरों से श्रद्धालु पहुंचे। इस मौके पर संघ अध्यक्ष एम. अजितराज कोठारी, सज्जनराज सुराणा, हस्तीमल खटोड, बादलचन्द कोठारी, सुरेश डूगरवाल, महावीर कोठारी, जितेंद्र भंडारी आदि पदाधिकारियों की धर्मसभा में उपस्थित रही।

# 'भगवान श्रीकृष्ण की हर एक लीला में छुपी है एक शिक्षा'

बेंगलूरु। शहर के पैलेस ग्राउंड स्थित प्रिंसेस ग्रीन सभागार में पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर श्रीमदभागवत कथा के दशवें स्कन्ध का वाचन करते हुए आचार्यश्री वेदानंदजी शास्त्री 'आनंद' ने कहा कि भागवत कथा का श्रवण हर व्यक्ति को सुख की अनुभूति कराता है। भागवत साक्षात रूप में भगवान का ही स्वरुप है। जहां भागवत होती है वहीं वृंदावन धाम बन जाता है। श्रद्धा के बिना भक्ति नहीं मिलती और भक्ति के बिना भगवान का मिलना असंभव है। भगवान जब भी खुश होते है तो जीव के दुर्गुण को हर लेते हैं। भगवान का हृदय बहुत विशाल होता है, जब जब भक्त पूरी श्रद्धा से भगवान को बुलाता है तब तब भगवान स्वयं अपने भक्त के बुलावे पर दौड़े चले आते हैं। कथा वाचक ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने हर लीला के माध्यम से कुछ न कुछ शिक्षा व ज्ञान देने की कोशिश की है। भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों के वस्त्र हरण कर मनुष्य को स्नान के महत्त्व के बारे में बताया। गोवर्धन पर्वत को अपनी अंगुली पर उठाकर इन्द्रदेव के घमंड़ का नाश किया। वास्तव में जो धरती की रक्षा करता है वहीं गोविंद कहलाता है। भगवान श्रीकृष्ण के एक नाम दामोदर की व्याख्या करते हुए कहा कि दाम का अर्थ होता है रस्सी और उदर का अर्थ होता है पेट। जब मां जसोदा से भगवान श्रीकृष्ण को रस्सी से अपने पेट से बांध लिया था तब भगवान दामोदर कहलाए।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक www.dakshinbharat.com

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.